


MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 168 | ग्वालियर,27 फरवरी मंगलवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



## कमलनाथ के दावे पर बीजेपी का पलटवार- कर्ज उन्हीं को मिलता है जिनकी...

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एक बार फिर बीजेपी पर निशाना साधते हुए दिखाई दे रहे हैं. उन्होंने दावा किया है कि मध्य प्रदेश की डॉक्टर मोहन यादव सरकार एक बार फिर 5000 करो? कर्ज लेने जा रही है. उन्होंने अभी दावा किया है कि नहीं सरकार ने दो महीना में ही 17500 करोड़ का कर्ज ले लिया है.

**बीजेपी ने किया पलटवार**–कमलनाथ के दावों पर पलटवार करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजपाल सिंह सिसोदिया ने जुबानी हमला बोला है. एबीपी न्यूज़ से चर्चा के दौरान राजपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता को आगे बढ़ाने, उनके आर्थिक स्थिति को सुदृढ बनाने के साथ-साथ उद्योग और इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए सरकार यदि कर्ज लेती है तो उसे अर्थशास्त्री भी गलत नहीं मानते हैं. उन्होंने कहा कि कार्ज उसी को मिलता है जिनकी साख होती है. मध्य प्रदेश सरकार की इतनी साक है कि सीमा के अंदर उन्हें कर्ज मिलने में कोई दिक्कत नहीं है. कांग्रेस केवल आरोप लगाना जानती है प्रदेश चलाने का अधिकार केवल बीजेपी की सरकार को है.




**कमलनाथ ने लगाए थे ये आरोप**–बीजेपी में जाने की अटकलों पर विराम लगने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बीजेपी सरकार पर हमला तेज कर दिए हैं. पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने हद दावा किया है कि डॉक्टर मोहन यादव सरकार 27 फरवरी को 5000 करो? रुपए का कर्ज लेने जा रही है. उन्होंने यह भी दावा किया कि पिछ्ला 2 महीने में सरकार 17500 करोड़ का कर्ज ले चुकी है. पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का आरोप है कि मध्य प्रदेश को भाजपा सरकार लगातार कर्ज के बोझ तले दबा रही है. पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में भी सरकार ने जमकर कर्जा लिया था. मध्य प्रदेश पर 3,50,000 करोड़ से ज्यादा का कर्ज है. ऐसे में नई सरकार द्वारा लगातार कर्ज लिए जाने से मध्य प्रदेश की जनता पर कर्ज का बोझ बढ़ते जा रहा है.

## राम नगरी अयोध्या सोलर ऊर्जा से लैस, 165 एकड़ में बने प्लांट से 40 मेगावाट बिजली का होगा उत्पादन

उत्तर प्रदेश का पहला और भारत का तीसरा सबसे बड़ा सोलर प्लांट अयोध्या में शुरू हो गया है. 165 एकड़ में फैला यह सोलर प्लांट अयोध्या की विद्युत जरूरत का लगभग 30 फीसदी हिस्सा पूरी करेगा. भविष्य में पूरी अयोध्या की विद्युत आपूर्ति इसी सोलर प्लांट के जरिए पूरी करने की तैयारी है. सौर ऊर्जा एक ऐसा स्रोत है जो कभी समाप्त नहीं होने वाला है. वर्तमान में भारत सरकार वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत के तौर पर इस के उपयोग पर पूरा जोर दे रही है.यह सोलर प्लांट अयोध्या धाम से लगभग 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थापित किया गया है. 165 एकड़ भूमि पर फैले इस सोलर प्लांट को एनटीपीसी ने तैयार किया है. यह उत्तर प्रदेश का




सबसे बड़ा सोलर प्लांट है पूरे भारत का तीसरा सबसे बड़ा प्लांट है. इस सोलर प्लांट से 40 मेगावाट विद्युत का उत्पादन होगा और इससे अयोध्या की 30 फीसदी विद्युत जरुरतों को पूरा किया जाएगा. कोशिश यह है कि इस प्लांट की विद्युत उत्पादन क्षमता इतनी बढ़ाई जाए कि इससे अयोध्या की विद्युत की सभी जरूरत पूरी किया जा सके.

**सेंसिटिव प्रोजेक्ट है अयोध्या सोलर प्लांट**–अयोध्या से प्रदेश की सबसे बड़े सोलर प्लांट की यह शुरुआत है. यह उत्तर प्रदेश के साथ पूरे भारत के ऊर्जा की जरुरतों को पूरा करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी. इसकी खूबियों का जिक्र करते हुए एनटीपीसी के डिप्टी मैनेजर प्रवीण कुमार ने कहा कि यह प्रोजेक्ट 40 मेगावाट का है

## महाकालेश्वर मंदिर के नंदी गेट के पास चला उज्जैन नगर निगम का बुलडोजर

उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के नदी गेट के समीप स्थित एक होटल के अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर निगम ने पुलिस बल की मौजूदगी में हथौड़े चलवाए. होटल के अतिक्रमण को जमींदोज करते हुए नगर निगम के अधिकारियों ने क्षेत्र के अन्य लोगों से भी नियम अनुसार निर्माण कार्य करने की अपील की है.उज्जैन के बेगम बाग इलाके में महाकालेश्वर मंदिर का नया नंदी द्वार बनाया गया है. इस नंदी द्वार के पास होटल हाईलाइट में अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया था, जिसकी शिकायत नगर निगम के आला अधिकारियों तक पहुंची.

## भूख हड़ताल पर बैठीं महिलाएं मांग रहीं न्याय, हरदा ब्लास्ट में उजड़े घर सवा लाख रुपये में कैसे बनाएं?

हरदा पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट से क्षतिग्रस्त हुए घर को लेकर पीड़ित परिवार शुक्रवार से भूख हड़ताल पर बैठे हैं. पीड़ितों की हड़ताल का आज चौथा दिन है. पीड़ितों का कहना है कि उन्हें घर बनाने के लिए महज सवा लाख रुपए मिले हैं, इतने कम पैसे में हम घर कैसे बनाएं. प्रशासन हमारा घर बनाकर दें साथ ही दोषी अफसरों भी एफआईआर की जाए.हरदा के घंटाघर चौराहे पर धरना दे रहे पीड़ितों का कहना है कि हम बीते 20 दिनों से आईटीआई कॉलेज में बनाए गए राहत शिविर में राखा गया है. तीन सप्ताह बीत जाने के बाद भी हमारा जीवन पटरी पर नहीं आ सका है. धरना प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल हैं. भूख हड़ताल की वजह से तीन महिलाओं की तबीयत भी बिगड़ गई, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती



कराया गया.

**सर्व समाज का मिला साथ**–धरना प्रदर्शन कर रहे पीड़ितों को सर्व समाज का साथ भी मिल रहा है. रविवार को धरना स्थल पर मंडी व्यापारी संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे. इधर धरना प्रदर्शन कर रहे परिवारों का कहना है कि अब तक कलेक्टर हमसे मिलने तक नहीं आए न ही हमारी मांगों पर कोई बातचीत आगे बढ़ी. इधर एसडीएम केसी परते का कहना है कि पीड़ितों का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिल चुका है. कलेक्टर के आश्वासन पर धरना स्थल पर बैठे लोग लौट जाएंगे.

**59 मकान क्षतिग्रस्त**–बता दें 6 फरवरी को हरदा में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट की वजह से 59 मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे, इनमें से 39 मकान पूरी तरह तहस नहस हो गए, इन 39 में से 21 मकानों का निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हुआ था. 48 परिवारों के 129 लोगों को राहत शिविर में रखा गया है.

## राम नगरी में तैनात SHO के कंधे पर रोज आकर बैठता है बंदर, दारोगा बोले- हनुमान जी की बनी हुई है कृपा

धर्म नगरी अयोध्या प्राचीन मठ और मंदिरों के नाम से जानी जाती है. अयोध्या में हर रोज लाखों भक्त रामलला का पूजन दर्शन करने पहुंचते हैं. अयोध्या में बड़ी संख्या में बंदर मौजूद हैं, ऐसे में यहां दर्शन पूजन के लिए पहुंचने वाले राम भक्त इन बंदरों को पूरी श्रद्धा भाव से कुछ न कुछ खिलाते पिलाते रहते हैं. अयोध्या में एक वीडियो बहुत ही तेजी के साथ वायरल हो रहा है, जो राम जन्मभूमि थाने में तैनात एसएचओ देवेंद्र पांडेय का बताया जा रहा है.एसएचओ देवेंद्र पांडेय के पास रोजाना एक बंदर आता है और कभी वह उनकी गोद में जाकर बैठता है तो कभी कंधे पर आकर बैठ जाता है. यह बंदर उनके बालों को सहलाने लगता है और वह लगभग तीन से चार महीने से लगातार आता है. देवेंद्र पांडेय की गोद में जाकर बंदर बैठ जाता है. इस बंदर की खास बात यह है कि वह खाता भी है और खिलाता भी है. इस दौरान अगर कोई उसको छूने की कोशिश करता है तो वह उसको काटने के लिए दौड़ता है.




**वायरल वीडियो पर एसएचओ ने क्या कहा**–राम जन्मभूमि थाने में तैनात एसएचओ का वीडियो वायरल होने के बाद उनसे बात की. उन्होंने बताया कि मैं पिछ्ले 5- 6 महीने से राम जन्मभूमि थाने में तैनात हूं और मेरी तैनाती के कुछ ही दिन बाद से एक बंदर लगातार आ रहा है. अगर मैं ऑफिस में बैठता हूं तो वह ऑफिस में आकर के मेरे कंधों पर बैठ जाता है और फिर बाल को सहलाने लगता है. उन्होंने बताया कि यह बंदर कभी गोद में बैठ जाता है. उसे कुछ भी दो तो खा लेता है, वह अपने खाने के साथ-साथ मुझे भी खिलाता है.

STORME SMART SOLUTIONS



अपने स्वयं की गाड़ी चलाओ
पैसे कमाओ

कमायें
5000 रु.
प्रति माह

अपनी गाड़ी 300 Km. चलाओ
5000/- प्रतिमाह कमाओ

9908750812, 8602854455, 9244933139
Old Railway Line, Near Sciendia Chauraha, Shatabdi Puram
Gwalior, Madhya Pradesh 474020
Website : www.stormesmartsolutions.com



### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में बह रही विकास की गंगाः सांसद चौधरी

# प्रधानमंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पाली लोकसभा के 456.10 करोड़ के योजनाओं एवं कार्यों की रखी वर्चुअल आधारशिला व किया लोकार्पण,





**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

पाली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार दोपहर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देशभर की 41,000 करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2000 रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पाली जिले के 4 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। इसके अलावा पाली संसदीय क्षेत्र के 3 रेलवे ओवर ब्रिज व 1 अंडरपास का भी लोकार्पण किया। इन सभी कार्यों के लिए पाली सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी हमेशा से ही प्रयासरत रहे। उनके अथक प्रयासों से करीबन 456.10 करोड़ के लागत वाली इन सौगातों से पाली संसदीय क्षेत्र के आर्थिक सुदृड़ीकरण के साथ ही पर्यटन को बड़ावा और आमजन को आवागमन की दृष्टि से बड़ा ही लाभ मिलेगा। सांसद चौधरी ने पाली-मारवाड़ और सोमेसर रेलवे स्टेशनों पर आयोजित हुए कार्यक्रमों में भाग लेकर प्रधानमंत्री मोदी के उद्बोधन को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन, प्रबुद्ध नागरिकगणों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों के संग देखा व सुना। इन कार्यक्रमों में सांसद ने कहा कि गत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देशभर में विकास की गंगा बह रही है। मोदी सरकार ने पाली लोकसभा जैसे विकास से अछूते क्षेत्र को भी रेलवे विकास के लिए 10 सालों में ही अनगनित परियोजनाओं, योजनाओं एवं कार्यों से विकसित करवा दिया है, जितना पिछली सरकारें 70 साल में नहीं दे पाती पाई थी। उन्होंने कहा कि पाली संसदीय क्षेत्र को रेल कनेक्टिविटी में आगे बढ़ाने का श्रेय केंद्र की मोदी सरकार को जाता है। पुनर्विकास योजनाओं के शिलान्यास के बाद इन सभी रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होगी। पाली जिला चूंकि अपने रणमीय एवं प्रसिद्ध स्थलों के कारण पर्यटन क्षेत्र में विशेष महत्व रखता है। ऐसे में इन कायाकल्प रेलवे स्टेशनों के साथ ही सुगम आवागन से देश एवं विदेशों से आने वाले पर्यटकों के कारण पुनर्विकास काफी सार्थक सिद्ध होने वाला है। सांसद चौधरी ने कहा कि आज हमारा भारत आर्थिक, भू-राजनीतिक, सामाजिक विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व रूप से सशक्त हुआ है। अधोसंरचनात्मक विकास हो या स्थानीय उत्पादों को बड़ावा, शहरी विकास हो या ग्रामीण क्षेत्रों का सशक्तीकरण, हर क्षेत्र में विकास के सुनियोजित कार्य से देश का कायाकल्प हो रहा है। वह दिन अब दूर नहीं जब प्रधानमंत्री मोदी के दूरगामी नीतियों एवं क्रांतिकारी निर्णयों से भारत विश्वगुरु बनेगा। सांसद ने इन सभी सौगातों के लिए प्रधानमंत्री और केन्द्रीय रेल मंत्री के प्रति अपना गहरा आभार प्रकट किया। स्टेशनों के शिलान्यास के अलावा आरओबी संख्या 75 रानी-खिमेल सेक्शन, 53 सोजत रोड़ व 74 रानी-जवाली सेक्शन का लोकार्पण होगा। इन सभी पर क्रमशः 35.59, 25.78 व 25.42 करोड़ की राशि खर्च हुई है। इसके अलावा सांसद चौधरी ने पंचायत समिति रानी में स्थित इटंदरा-मेड़तियान ग्राम में समसा योजना के अन्तर्गत 460 लाख से निर्मित विद्यालय निर्माण एवं अपने 5 लाख की सांसद निधि कोष से नवनर्मित टीन शैड का भी लोकार्पण किया।

ये रहे मौजूद- पाली मारवाड़ रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, पूर्व विधायक ज्ञानचंद परख पाली संत सूरजन दास महाराज, पाली संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह, डीआईजी ओमप्रकाश, जिला कलेक्टर एल एन मंत्री, पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, पाली प्रधान मोहनी देवी-पुखराज पटेल, जिला महामंत्री सुनील भंडारी, समाज सेवी भँवर किसान केसरी, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, पार्षद मूल सिंह भाटी, वरिष्ठ कार्यकर्ता सोहन गौतम, नरपत दवे, जिला प्रवक्ता त्रिलोक चौधरी, गजेंद्र सिंह , मुकेश नाहर,पार्षद अशोक शर्मा, भंवरलाल,सुरेश गोस्वामी,रामकिशोर साबू, राजेन्द्र सुराणा,दिनेश पंवार,विकास बूंबकिया व विनय बंब सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, रेलवे अधिकारी व आम नागरिक उपस्थित थे। वहीं सोमेसर रेलवे स्टेशन कार्यक्रम में स्थानीय विधायक केसाराम चौधरी, भाजपा किसाना मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष खीमाराम धारिया, दिनेश, किरण दास वैष्णव, गिरधारी सिंह, किशोर सिंह राजपुरोहित उप प्रधान, हुकम सिंह, सरपंच भंवरलाल सीरवी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, रेलवे अधिकारी व ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# नाबालिक किशोरी के साथ युवक ने की छेड़छाड़, पुलिस ने किया मामला दर्ज।

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

गोहद। थाना गोहद क्षेत्र अंतर्गत 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने पुलिस को बताया कि अब्दुल पुरा निवासी मोसिम खान पुत्र आजाद खान लगभग 10-15 दिन से मेरा पीछा कर रहा है मैं कहीं भी जाती हूं तो मेरा पीछा करता है और कहता है मेरे साथ चलो मुझे तुम अच्छी लगती हो मैं तुमसे शादी करूंगा, मैने जाने से मना कर दिया। मैने कहा मुझे तुम्हारे साथ नहीं जाना। मैं तुम्हारी शिकायत पापा से करूंगी तो कहने लगा कि यदि तुमने यदि अपने पापा को बताया तो में तुम्हे जान से खत्म कर दूंगा। 25 फरवरी को समय करीबन 2 बजे मैं अपनी चाची के घर जा रही थी तो मोसिम पीछे से आया और मेरा हाथ पकड़कर मुझे खींचने लगा और कहने लगा मैं आज तुझे उठा कर ले जाऊंगा मेरे चिल्लाने पर मेरे मामा आ गए तो मोसिम भाग गया। नाबालिग फरियादिया की रिपोर्ट पर गोहद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 354, 354(घ), 506 आईपीसी व 7/8 पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# झाँसी मंडल के 10 स्टेशनों के कायाकल्प के लिए शिलान्यास

### भिण्ड रेलवे स्टेशन के लिए 12,664 करोड़ रुपये

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 41,000 करोड़ रुपये की लागत से देश भर के 554 रेलवे स्टेशनों के शिलान्यास और 1500 रोड ओवर ब्रिज / रोड अंडर ब्रिज का शिलान्यास, उद्घाटन व राष्ट्र को समर्पण किया। इनमें से 19,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास और पुनर्विकसित गोमती नगर रेलवे स्टेशन और 21,520 करोड़ रुपये की लागत से पूरे देश में 1500 रोड ओवर ब्रिज और अंडरपास सम्मलित हैं।

इसी क्रम में झाँसी मंडल के 10 रेलवे स्टेशनों एवं 8 8 आरयूबी/आरओबी का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम





शिलान्यास/लोकार्पण किया गया 7

इस योजना के तहत झाँसी मंडल के निम्न स्टेशनों का शिलान्यास/लोकार्पण कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया गया7 उरई (12.488 करोड़ रु.),बाँदा (22.935 करोड़ रु.),चित्रकूटधाम कर्वी(23.475 करोड़ रु.),दतिया (22.854 करोड़ रु.),हरपालपुर (11.625 करोड़ रु.),ललितपुर (18.554),महोबा (13.798 करोड़ रु.), मुरैना (20.364 करोड़ रु.), पुखरायां (07.588 करोड़ रु.),भिण्ड ( 12.664 करोड़ रु.), इसके साथ ही मंडल के 89 आरयूबी/आरओबी का भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास/लोकार्पण किया गया 7 इस दौरान सभी स्थानों पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये,जिसमें स्कूली छात्र- छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों पर नृत्य ,नुक्कड़ आदि विभिन्न प्रोग्राम की शानदार प्रस्तुति की गयी 7

शिलान्यास/लोकार्पण कार्यक्रम में भिण्ड रेलवे स्टेशन पर मुख्य रूप से भिंड- दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय,विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह,कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव, एसपी,एएसपी संजीव पाठक, सरपंच,पत्रकारबंधु सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारीगण/कर्मचारीगण । एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनमानस उपस्थित रहे।

# विश्व के प्रथम ? आकृति के शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



जाडनः पाली सोजत रोड़ पर स्थित जाडन गांव में बने विश्व के प्रथम ? आकृति के शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा विश्व गरू स्वामी महेश्वरानंद पुरी के परम सान्निध्य एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति एवं हजारों संतो की मौजूदी में सम्पन्न हुई। दश दिनो तक चले इस प्राण प्रतिष्ठा-महोत्सव में अंचल के साथ ही भारत के विभिन्न प्रांतो से साधु संतो महात्माओं के साथ-साथ दो हजार से अधिक विदेशी भक्तों ने इसमें भाग लिया। दश दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन संध्या हुई जिसमें अनेक प्रसिद्ध फिल्म संगीतकार पाशर्वगायख सतीश देहरा लोक गायक छोटू सिंह रावणा प्रमुख थे। इस कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में मुम्बई के नरेन्द्र भाई चौधरी और उनकी धर्मपत्नी को विश्व गुरू स्वामी महेश्वरानंदजी महाराज ने आशिर्वाद स्वरूप रूद्राक्ष की माला पहनाकर आशिर्वाद दिया।

# सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का दौरा कार्यक्रम

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग 27 फरवरी 2024 को एक दिवसीय प्रवास पर भिण्ड पधार रहे है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग 27 फरवरी 2024 को प्रातः 9 बजे ग्वालियर से कार द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 11.30 बजे भिण्ड आएंगे एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं से भेंट करने के पश्चात अपरान्ह 3.30 बजे भिण्ड से कार द्वारा ग्वालियर प्रस्थान करेंगे।

# भिण्ड की बेटी दिव्या ने ग्रेड -3 में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मध्य प्रदेश 2023 ग्रेड - 3 परीक्षा में भिण्ड की छात्रा कु. दिव्या शर्मा ने मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।दिव्या शर्मा पुत्री स्वर्गीय वीरेंद्र शर्मा निवासी ग्राम - केरोरा,मेहगांव,हाल वीरेंद्र नगर भिंड में रहती है,वर्तमान में बीएससी कर बीएड में अध्यनरत है।दिव्या वर्ष - 2021 से दुर्गेश अकादमी की छात्रा है। उनके शिक्षक दुर्गेश शर्मा के कुशल



मार्गदर्शन में इन्होंने ग्रेड - 3 की तैयारी की और प्रथम प्रयास में न केवल सफल रही बल्कि पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर सफलता अर्जित की। दिव्या के परिवार में पिता का देहांत हो चुका है, एक भाई है जो प्राइवेट जॉब करते हैं, उनकी माँ ने बड़ी मेहनत से बेटी को पढ़ाया है। दिव्या शर्मा की इस उपलब्धि पर जिलेवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं ।

# प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 41 हजार करोड़ रुपए से अधिक की अनेक रेल परियोजना का वर्चुअल शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे आज

### 22 करोड 60 लाख रुपए की लागत से सीहोर रेल्वे स्टेशन का होगा पुनर्विकास





### सीहोर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव होंगे शामिल

**सीहोर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भारतीय रेलवे के 41 हजार करोड़ रुपए की अनेक रेल परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे । जिसमें अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड़ ओवर ब्रिजों, अंडरपास का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।सीहोर रेलवे स्टेशन का 22 करोड़ 60 लाख की लागत से पुनर्विकास किया जायेगा । पुनर्विकास के अंतर्गत सरक्यूलेटिंग एरिया, पार्किंग, स्टेशन बिल्डिंग व साइनेज के कार्यो को अपग्रेडिंग किया जायेगा । प्लेटफार्म नंबर-1 व 2 कवरशेड बनेगी । क्राउड हैडलिंग एरिया का विकास कार्य किया जायेगा । प्लेटफार्म नंबर- 1 को ऊंचा कर बढ़ाया जायेगा तथा प्लेटफार्म नंबर 2 को ऊंचा किया जायेगा । मॉड्यूलर टॉयलेट की व्यवस्था की जायेगी । बारह मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज के साथ रूफ प्लाजा का कार्य किया जायेगा । इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित होंगे।भारतीय रेल आधुनिकीकरण की दिशा में और भारत सरकार के न्यू इंडिया के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। देशभर में रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय प्रतिष्ठानों के रूप में विकसित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है । इस क्रम में तीन स्टेशनों पर कार्य पूर्ण हो गया है। इनमें गुजरात का गांधीनगर केपिटल स्टेशन, मध्य प्रदेश का रानी कमलापति स्टेशन और कर्नाटक के बेंगलुरु का सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल स्टेशन शामिल है। ये स्टेशन आधुनिक भारत की भव्य तस्वीर प्रस्ड़तुत करते हैं। इन स्टेशनों पर यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। इस कार्यक्रम के तहत रतलाम मंडल के 11 स्ड़टेशनों इंदौर, उज्ड़जैन, सीहोर, शुजालपुर, मक्ड़सी, नागदा, खाचरोद, नीमच, मंदसौर, दाहोद, लिमखेड़ा सहित दो रोड अंडर ब्रिज का शिलान्ड़यास एवं दो नवनिर्मित रोड अंडर ब्रिज को राष्ड़ट्र को समर्पण किया जाएगा । एक ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत प्रधानमंत्री ने 6 अगस्त, 2023 को देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी ढ्ढ इसी क्रम में प्रधानमंत्री द्वारा 26 फरवरी, 2024 को भारतीय रेलवे में 554 रेलवे स्टेशन के रि डेवलपमेंट कार्यों का शिलान्यास किया जा रहा हैढ्ढ इसके साथ ही 1500 उपरीगामी पुलों, अंडरपासों का शिलान्ड़यास, उद्घाटन, राष्ड़ट्र को समर्पण का भी होगा जिसमें रतलाम मंडल के 11 स्ड़टेशन एवं 4 रोड अंडर ब्रिज सहित पश्चिम रेलवे के 66 स्टेशन व 208 रोड अंडर ब्रिज, रोड ओवर ब्रिज शामिल हैढ्ढ इंदौर व उज्जैन स्टेशनों का भव्य पुनर्विकास किया जायेगा जिससे यात्रियों को विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्कर और यात्री सुविधा मिलेगी ।अमृत स्ड़टेशन योजना के तहत रतलाम मंडल के सीहोर, शुजालपुर, मक्ड़सी, नागदा, खाचरोद, दाहोद, लिमखेड़ा, नीमच एवं मंदसौर स्ड़टेशनों पर पुनर्विकास कार्य के तहत यात्री प्रतीक्षालय का विस्ड़तार एवं पुनर्निर्माण, पृथक प्रवेश एवं निकास द्वार, बाहरी परिक्षेत्र में सुधार, नवीन संकेतक, नवीन फर्निचर, बेंचेज आदि, 12 मीटर चौड़ा पैदल ऊपरी पुल की सुविधा, नवीन बुकिंग एवं आरक्षण कार्यालय दिव्ड़यांग यात्रियों के सुगम आवागमन यात्रियों के लिए रैंप एवं सतह में सुधार प्रकाश व्ड़यवस्ड़था में सुधार जैसे कार्य किए जाएंगे । इसके अलावा रोड यूजरों को बेहतर सुविधा देने के लिए रतलाम- गोधरा सेक्शन में लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 69 स्थान पर रोड ओवरब्रिज एवं नागदा- उज्जैन सेक्शन में लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 1 के स्थान पर रोड ओवरब्रिज के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया जायेगा । इसके साथ ही गोधरा- रतलाम सेक्शन पर लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 49 व रतलाम - नागदा सेक्शन पर 87 पर नव निर्मित रोड ओवर ब्रिजों का लोकार्पण भी किया जायेगा। समपार फाटकों के स्ड़थान पर अंडरपास के निर्माण होने से रेलवे की संरक्षा सुनिश्चित होगी, सड़क उपयोगकर्ताओं को रेल लाइन के दोनों ओर आने-जाने में सुविधा होगी, समपार पर रुकने की समस्ड़या दूर होगी, सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा में वृद्धि होगी। भारतीय विविधता की भव्यता को प्रदर्शित करते हुए ये पुनर्विकसित स्टेशन नई अत्याधुनिक यात्री सुख-सुविधाओं के साथ-साथ मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन और प्रतिस्थापन से सुसज्जित होंगे। अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत अवांछित ढांचों को हटाकर रेलवे स्टेशनों तक सुगम पहुंच, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, बेहतर परिसंचरण क्षेत्र, उन्नत पार्किंग स्थान, दिव्यांगजन अनुकूल इंफ्रास्ड़ट्रक्ड़चर, हरित ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण अनुकूल भवन आदि सुविधाएं प्रदान करना शामिल हैं।

# किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा-चौधरी रमाशंकर सिंह





### किसानों की समस्याओं को लेकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह.को स्थान झंडा चौक दबोह पर किसान आंदोलन के दौरान कही।उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर चले रहे देश व्यापी किसान आंदोलन के समर्थन एवं आवारा घूम रही गौ माताओं के सुनिश्चित आश्रय एवं उपयुक्त आहार के संबंध में किसान हितकारनी महासभा चंबल-बुँदेल खण्ड के द्वारा गांधीवादी एवं शाँतिपूर्ण तरीक़े से राज्यपाल महोदय के नाम नायब तहसीलदार महोदय दबोह को एक ज्ञापन सौपा गया।जिसमें 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।जनसभा को संबोधित करते हुए किसान नेता केशव सिंह ने कहा कि राजनीति के नाम पर लूट नीति हो रही है।जगह जगह बेरोजगारी और भुखमरी के कारण किसानों के साथ अत्याचार किया जा रहा है।कई बार किसानों ने सरकार बदली लेकिन किसी ने भी किसानों के हित में कोई फैसला नहीं लिया आज गेहूं,चने, सरसो,की कीमतों के दामों को नही ब?ाया गया।हर क्षेत्र में महंगाई बड़ी लेकिन किसान की फसलों की कीमत क्यों नहीं बड़ाई गई।वहीं नरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि पंजाब में किसानों ने अपने हक की लड़ाई शुरू की और उस लड़ाई में हमारा एक किसान भी शहीद हो गया ऐसे किसान को हम आज नमन करते हैं।सरकार ने जो तीन काले कानून बना दिए उससे किसान बधुआ मजदूर बनकर रह गया।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई।लेकिन किसानों को उसका लाभ किसान भाइयों को नहीं मिल सका प्रतिवर्ष केसीसी के द्वारा दो प्रतिशत राशि फसल बीमा के नाम पर काट ली जाती हैं।लेकिन फसल बीमा का लाभ किसान भाइयों को नहीं मिल पाता हे।मोदी जी की गारंटी आज फैल होती दिख रही है क्योंकि समर्थन मूल्य में खरीदी की जा रही है। 2100 रुपए में गेहूं सरकार खरीद रही हैं जो किसानों के लिए हितकारी साबित नही हो रही है।पूर्व मुख्यमंत्री जी ने किसानों की फसल के मूल्य दुगने करने के बादे किए थे लेकिन वह पूरे नही हुए।किसान की मांग किसान की शहादत बेकार चली जायेगी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान नेता चौधरी रमाशंकर सिंह रमा कौरव ने कहा कि हम लोगों को भी किसानों के आंदोलन में समर्थन देना चाहिए।आज हमारे देश में दो तरह के आंदोलन चल रहे है।इस देश की सरकार उस आंदोलन को रोकने के लिए पूरा प्रयास कर रही है।सरकार तानाशाह होती जा रही है जो सरकार किसानों के हित के लिए कानून बनाती थी।सरकार अपने खुद के बिकास में लगी हुई हैं।मजदूर,व्यापारी,किसान की कोई सुनने वाला नहीं है।जिस देश का किसान सुखी नही है तो व्यापारी भी खुशहाल नही है।दबोह में कुछ समय पहले पशु हाट लगती थी वह भी बंद हो गई हैं।देश में इतना बड़ा आंदोलन चल रहा है लेकिन सरकार सुनने को तैयार नहीं है।किसान कहता है कि नकली खाद बीज पर कार्यवाही होनी चाहिए तो क्या गुनाह कर दिया है।आज किसानों को लाइन में लगकर खाद लेना पड़ रहा है।कभी कभी तो किसानों को लाठी डंडे भी खाने पड़ते हैं।हमारी तो सरकार से बस यही मांग हे कि जो अपनी खून पीसने से सींच कर अनाज उगाता है उसका सही दाम दिया जाए।पूरे देश के किसान आज सड़कों पर उतर आए हैं बस अब जरूरत है एकजुटता की जव इस देश का किसान खुशहाल होगा तो देश की आर्थिक स्थिति तो वैसे ही सुधर जायेगी।ये लड़ाई हम किसानों की है जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा।इस मौके पर मंचासीन लोगो में शिवनारायण दुवे(बल्लू बकील)नरेंद्र सिंह यादव,डॉ.ओ.पी.सिंह कौरव,रूपनारायण खटीक,मान सिंह यादव,रामकुमार महाते अरूसी ,गुलाब सिंह यादव,यादवेंद सिंह भूरे किसान सिंगोसा,रामनरायण पटेल गांगेपुरा, नारायणदास बघेल बघेड़ी,विजय सिंह कौरव,जगमोहन तेहरिया,केशव सिंह कौरव,गब्बर सिंह कौरव,शेरे पठान,माधव यादव,दिनेश ठाकुर,महताब सिंह पार्षद,नारायण सिंह पार्षद,धरमू कौरव,विनय कौरव, आकाश रिनिया,सलमान पठान,पन्ने कुशवाह राजेंद्र कुशवाह सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

यह है मांगे-

1.दबोह-आलमपुर ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी नहरो में अति शीघ्र पानी छोड़ा जाए।जिससे किसानों की सूख रही गेहूं की फसल को बचाया जा सके।

2.मेंटेनेंस के नाम पर हो रही अघोषित बिजली कटौती को बंद कर 16 घंटे बिजली देना सुनिश्चित किया जाए एवं फर्जी बिल माफ किए जाएं।

3.नकली बीज उर्वरक एवं कीटनाशक बनाने वाले कंपनियों पर कठोर कार्यवाही की जाए।

4.प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसान खेत क्षतिपूर्ति के लिए इकाई माना जाए तथा केसीसी ऋण स्वीकृति में फसल बीमा को एक्छिक किया जाए।

5.गौ माता को सुनिश्चित आश्रय उपयुक्त आहार की व्यवस्था कर गौ शालाए संचालित कराई जाए।

6.गौ वंश संरक्षण के लिए गोअभ्यारण बनाया जाए।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अन्तर्गत सामूहिक विवाह समारोह आज गंगेव व मनगवां में

रीवा(पुष्पांजली टुडे )

।मुख्यमंत्री कन्यादान तथा निकाह योजना से पात्र कन्या को विवाह के लिए राशि का चेक दिया जाता है। कन्या का विवाह परंपरा के अनुसार विधि विधान से सामूहिक विवाह समारोह में संपन्न कराया जाता है। जिले भर में नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज 27 फरवरी को जनपद पंचायत गंगेव तथा नगर परिषद मनगवां में सामूहिक विवाह होंगे।

# जन्म दिन अवसर पर किया वृक्षारोपण



अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- शिवपुरी जिले के ग्राम विजरावन निवासी आयुष मिनरल वाटर के संचालक महेंद्र दुबे के पुत्र आयुष दुबे ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य पर 100 से अधिक वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण के प्रति लोगों को जागरूक किया जन्मदिन के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया सेंट चार्ल्स स्कूल के सामने रेलवे स्टेशन के पास , हवाई पट्टी के सामने वृक्ष लगाए गए आयुष ने बताया कि वह हमेशा अपने जन्म दिन के अवसर पर वृक्षारोपण करता है जीवन में वृक्षों की अहमियत बहुत ज्यादा है वृक्ष हमेशा हमें ताजा आक्सीजन प्रदान करते हैं और उसके अलावा वह फलदार वृक्ष लगता है जिससे आने वाले समय में लोगों को ताजा फल प्राप्त हो इससे पहले जो वृक्षारोपण किया था आज वह वृक्ष बहुत मजबूत बन गए हैं हमारा उद्देश्य सिर्फ वृक्ष लगाना नहीं होता इसके अलावा हम उन वृक्षों को पालकर बड़ा करते हैं और तैयार कर उन्हें फलदार वृक्ष बनाते हैं इस अवसर पर आयुष दुबे, पीयूष दुबे, देव दुबे, लोकेंद्र उपाध्याय ,उमेश योगी ,संस्कार शर्मा, उपस्थित रहे

# परिसम्पत्तियों के पंजीयन के लिए वर्ष 2024-25 की कलेक्टर गाइडलाइन जारी

## पंजीयन की नई गाइडलाइन में 5.48 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित

रीवा(पुष्पांजली टुडे )

।कलेक्ट्रेट बाणसागर सभागार में परिसम्पत्तियों के पंजीयन के लिए गाइडलाइन निर्धारण की बैठक आयोजित की गई। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रस्तावित गाइडलाइन को मंजूरी दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर ने कहा कि रीवा नगर निगम तथा अन्य नगरीय निकायों से जु? गांवों में जमीन का मूल्य तेजी से ब?ा है। पिछले दो वर्षों में जमीन की बिक्री के आधार पर तथा वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार नई गाइडलाइन निर्धारित करें। जिस लोकेशन से पंजीयन में राजस्व की अधिक आय प्राप्त होने की संभावना है उसे गाइडलाइन में अनिवार्य रूप से शामिल करें। इस वर्ष शहरी क्षेत्र में 3.66 प्रतिशत तथा ग्रामीण क्षेत्र की लोकेशनों में 7.33 प्रतिशत औसत वृद्धि प्रस्तावित है। इसके अनुसार नई गाइडलाइन में प्रावधान करें। इसमें कुल प्रस्तावित वृद्धि 5.48 प्रतिशत रहेगी। बैठक में जिला पंजीयक श्रीमती संध्या सिंह ने बताया कि नगर निगम रीवा तथा 12 नगर पंचायतों एवं सभी ग्राम पंचायतों में जमीन की बिक्री से प्राप्त



पंजीयन शुल्क के अनुसार नई गाइडलाइन निर्धारित की गई है। नई गाइडलाइन में 34 लोकेशन विलोपित की गई हैं तथा 31 नई लोकेशन जो?ी गई हैं। रीवा और मऊगंज जिले को मिलाकर कुल 3939 लोकेशन प्रस्तावित की गई हैं। शहरी क्षेत्र में 145 लोकेशन तथा ग्रामीण क्षेत्र में 800 लोकेशन में वृद्धि प्रस्तावित की गई है। कुल 945 लोकेशन में मूल्यवृद्धि प्रस्तावित की गई है तथा 2994 लोकेशन में किसी भी तरह की मूल्य वृद्धि नहीं की गई है। बैठक में ग्राम जोरी तथा रीवा एयरपोर्ट के आसपास के गांवों में भी मूल्य वृद्धि के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। बैठक में कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह ने पुनर्घनत्वीकरण योजना में शामिल सभी लोकेशन को शामिल करने का सुझाव दिया। बैठक में सभी सहायक पंजीयक, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री वर्चुअली करेंगे 29 फरवरी को विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

## मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेसिंग से दिये गरिमामय आयोजन के निर्देश



रीवा(पुष्पांजली टुडे)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत विकसित मध्यप्रदेश के तहत आगामी 29 फरवरी को विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व भूमिपूजन करेंगे। मुख्य सचिव श्रीमती बीरा राणा ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के द्वारा कार्यक्रम को गरिमामय ढंग से आयोजित किये जाने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि जिला स्तर के अतिरिक्त नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में जहां कार्यक्रम सजीव प्रसारण की व्यवस्था हो वहां पूरे अनुशासन के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन कराते हुए जनप्रतिनिधियों व आमजनों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करायें। उन्होंने निर्देश दिये कि आयोजन के संबंध में पर्याप्त प्रचार-प्रसार हो तथा जिन स्थानों में लाइव प्रसारण हो वहां समुचित व्यवस्था करायें। कार्यक्रम के उपरांत आयोजन के फोटो-वीडियो की अपलोड किये जाने के निर्देश वीडियो कान्फ्रेसिंग में दिये गये। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय टाउन हाल में आयोजित किया जायेगा। यह कार्यक्रम अपरान्ह 4.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित होगा। वीडियो कान्फ्रेसिंग में स्थानीय एनआईसी में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर एके सिन्हा सहायक आयुक्त रूपाली द्विवेदी उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य क्षेत्र में बनायेंगे सर्वश्रेष्ठ राज्य- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

# एम्स भोपाल में वन स्टेट - वन हेल्थ विचार संगोष्ठी को उप मुख्यमंत्री ने किया संबोधित






रीवा(पुष्पांजली टुडे )। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य क्षेत्र में अधोसंरचनाओं का सतत विस्तार हो रहा है। चिकित्सालय में अत्याधुनिक सेवाओं के साथ चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में भी नवीन मेडिकल कॉलेज स्थापित किये जा रहे हैं। चिकित्सकीय विशेषज्ञों, मैनपॉवर की उपलब्धता हेतु विभिन्न माध्यमों से प्रयास किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ?िला स्तर के साथ प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को भी विस्तारित और सशक्त किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने एम्स भोपाल में ÷वन स्टेट - वन हेल्थ÷ विचार संगोष्ठी को संबोधित किया।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एम्स भोपाल द्वारा ÷वन स्टेट - वन हेल्थ÷ विचार संगोष्ठी का आयोजन सराहनीय प्रयास है। संगोष्ठी में विशेषज्ञों के मंथन से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के सुझाव मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने में सहायक होंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एम्स भोपाल द्वारा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग प्रदान करने के विभिन्न आयामों में कार्य किया जा रहा है। एम्स के अनुभव से निःसंदेह मध्यप्रदेश में चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र को लाभ प्राप्त होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य के विभिन्न मानकों में सुधार, ग्रामीण चिकित्सा अधोसंरचना और सेवा प्रदाय को सशक्त करने के लिए अंतःक्षेपों में विशेष रूप से मंथन किया जाये।एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ) अजय सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश वन स्टेट वन हेल्थ पालिसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा। एम्स भोपाल ई - कंसल्टेशन और ई - आईसीयू के द्वारा राज्य के दूर दरा? के इलाकों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराएगा। अपर आयुक्त चिकित्सा शिक्षा डॉ पंकज जैन, सहित संगोष्ठी सहित एम्स के वरिष्ठ चिकित्सक, शिक्षक और अन्य शासकीय तथा निजी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के शिक्षक, चिकित्सक, विशेषज्ञ उपस्थित थे।

## कांग्रेस पार्टी के जिला महामंत्री बी. के. पाण्डेय बीजेपी मे शामिल हुये

# गुढ़ विधायक माननीय श्री नागेंद्र सिंह जी के हाथों से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बी. के. पांडेय जी एवं उनके साथियों का सदस्यता कार्यक्रम संपन्न हुआ

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।

गुढ़ में 2024 के लोकसभा चुनाव का कार्यालय उद्धाटन मे अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल, माननीय गुढ़ विधायक श्री नागेंद्र सिंह जी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह, गुढ़ मंडल अध्यक्ष कपूर चंद्र सोनी जी की उपस्थिति में जन भागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालयगुढ़ के पूर्व अध्यक्ष व कांग्रेस पार्टी के जिला महामंत्री बी. के. पाण्डेय जी अपने साथियों में किसान कांग्रेस के जिला सचिव विजय पटेल, किसान कांग्रेस के जिला महामंत्री रमेश द्विवेदी, कांग्रेस सदस्य शुभलाल मिश्रा, एडवोकेट रजनीश पांडेय, किसान कांग्रेस के जिला सचिव बिहारी लाल कोरी, सदस्य ओमप्रकाश पांडेय, सदस्य धीरमणि पांडेय सदस्य शिवराज पटेल सदस्य राजकुमार कुशवाहा, इत्यादि कई लोगो ने भारतीय जनता पार्टी की नीति-रीति को स्वीकारते हुये सदस्यता ग्रहण किया, बीके पांडे जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश में सभी वर्गों के हित में कार्य कर रही है और भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने देश को सशक्त समृद्ध साली एवं विकसित राष्ट बनाने मेंअग्रसर है . और देश के सर्वमान्य नेता भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के कार्यों से प्रभावित होकर हमने अपने साथियों के साथ भाजपा में एक सदस्य के रूप में काम करने का निर्णय लिया इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्रमोदी



जी राष्टीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी. प्रदेश अध्यक्ष श्री श्री बी. डी. शर्मा जी उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला जी रीवा सांसद श्री जनार्दन मिश्रा जी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम जी जिला अध्यक्ष अजय सिंह जी गुढ़ विधायक श्री नागेंद्र सिंह जी, त्योंथार विधायक श्री सिद्धार्थ तिवारी जी सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह, मानिगवा विधायक नरेंद्र प्रजापति और रीवा जिले व गुढ़ क्षेत्र के सभी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता व नेताओं का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं एवं आशा करता हूं कि समय-समय पर मार्गदर्शन और आशीर्वाद मिलता रहे।

# मा से मिलने आता था भोपाल से शिवपुरी शातिर चोर ,पांच लाख के जेवरात बरामद



अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- शहर के फिजिकल थाना क्षेत्र में एक के बाद एक लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया चोर भोपाल में रह रहा था और अपनी मां से मिलने शिवपुरी आता था।इसी बीच चोर ने एक पीएचई विभाग और वाइल्ड लाइफ एसटीएफ कर्मचारी के घर लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोरी का मामला दर्ज करने के बाद पुलिस लगातार चोर की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस को की मदद से चोर को पकड़ने में सफलता मिली है।पीएचई विभाग व वाइल्ड लाइफ स्क्वाड कर्मचारी के घर को बनाया था निशाना गौरतलब है कि फक्कड़ कालोनी के रहने पीएचई विभाग में पदस्थ कोमल सिंह बैस अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिये इंदौर गए थे। इसी बीच 22 जनवरी को दिनदहाड़े अज्ञात चोर ने घर के ताले तोड़ घर में रखे सोने चांदी के जेवरात व करीब नगदी 85 हजार रुपए नगदीचोरी कर लिए थे।वहीं 4 फरवरी को सिद्देश्वर कालोनी के रहने वाले वाइल्ड लाइफ स्क्वाड कर्मचारी विकास खत्री पुत्र प्रकाश चंद्र खत्री अपने परिवार के साथ प्रसिद्ध संत प्रदीप मिश्रा के सीहोर जिले के कुबेश्वर धाम दर्शन करने के लिए गए थे। उसी रात अज्ञात चोर ने घर में रखे सोने चांदी के जेवरात सहित 1 से 2 लाख रुपए के करीब नगदी चोरी कर लिए। गौरतलब है कि दोनों ही चोरी की वारदात को अंजाम एक ही चोर ने दिया था।

**नाले में फेंक दिए सोने के जेवरात:**फिजिकल थाना प्रभारी रजनी चौहान ने बताया कि चोरी के मामले की तहकीकात में सीसीटीबी में एक अज्ञात व्यक्ति दिखाई दिया था। जिसकी पहचान देहात थाना क्षेत्र के कटरा मोहल्ला में रहने वाले अंकित उर्फ फुंती ओझा के रूप में हुई थी। अंकित में पूर्व में देहात थाना, फिजिकल थाना और कोलारस में चोरी के मामले दर्ज थे।शातिर चोर अंकित भोपाल में रह रहा था और चोरी की वारदात को अंजाम देने शिवपुरी आता था। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर पूछताछ की थी। जिसमें आरोपी ने दोनों चोरियों की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी के पास से पांच लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात बरामद कर लिए है साथ चोरी के पैसों से उसने एक मोबाइल खरीद लिया था।बता दें कि शातिर चोर ने फक्कड़ कालोनी के रहने पीएचई विभाग में पदस्थ कोमल सिंह बैस के घर से चुराए सोने के जेबरातों को बड़ौदी क्षेत्र में बॉश सेंटर की नाले में फेंकना बताया है। इसके बाद पुलिस ने नाले में जेवरातों की खोजने का प्रयास किया लेकिन पुलिस के हाथ नाले में फेंके जेवरात नहीं लग सकें हैं।

## वरिष्ठ नागरिकों एवं प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक इकाई पवई का आयोजन आर्यावर्त समाचार पन्ना





प्रदेश के प्रतिष्ठित संगठन मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांत अध्यक्ष श्री शलभ भदोरिया के मार्गदर्शन में ब्लॉक इकाई पवई के तत्वाधान में वरिष्ठ नागरिक सम्मान, एवं सामाजिक, राजनीतिक शैक्षिक, प्रशासनिक, आध्यात्मिक एवं खेल क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं का सम्मान समारोह पवई के कलेहन मंदिर परिसर में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, संभागीय महासचिव प्रतीक खरे एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर पधारी श्रीमती वसुंधरा राजे उपाध्यक्ष नगर परिषद पवई की गरिमामई मैं संपन्न हुआ पन्ना जिले में सामाजिक एवं रचनात्मक क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संगठन द्वारा प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटक स्थल माता कलेही मंदिर परिसर में अपने प्रतिभा के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बुजुर्गों युवाओं छात्र खिलाड़ियों को संगठन की ब्लॉक इकाई पवई ने एक मंच में लाकर सम्मानित किया जिसमें प्रमुख रूप से पवई नगर के प्रतिष्ठित नागरिक रामकृपाल चौधरी, जो की 1970 में पवई के सरपंच रहे उसके बाद कई वर्षों तक प्राथमिक सहकारी समिति के अध्यक्ष नगर पालिका पवई के उपाध्यक्ष भी रहे हैं उनका सम्मान सम्मानित मंच से किया गया, नगर की सबसे उम्र दराज प्रतिष्ठित नागरिक डॉक्टर जीवन लाल बाड़ोलिया जिन्होंने ताउम्र अपना जीवन गरीबों की सेवा में निकाल दिया 93 वर्षीय डॉक्टर साहब का सम्मान मंच से किया गया इसी तरह निरंतर 55 वर्ष से मानस प्रवचन की श्रृंखला का आगाज करने वाले 90 वर्षीय किशोरी प्रसाद खरे का सम्मान एवं पवई नगर में प्रभात फेरी जो की 50 वर्षों से संचालित हैं उसकी न्यू रखने वाले 88 वर्षीय श्री लक्ष्मण प्रसाद नगायच का सम्मान, शिक्षा के क्षेत्र में रिटायर शिक्षक शालिग्राम पाठक, नन्नू पांडे शिक्षक, श्री बद्री प्रसाद गुप्ता, संगीत एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाली रिटायर शिक्षक श्री नागेंद्र श्रीवास्तव, उमा प्रसाद पांडे, वरिष्ठ नागरिक देवीदीन सेन, तथा प्रसिद्ध वेदाचार्य जिन्होंने पन्ना जिले का नाम पूरे देश भर में गौरांवित करने वाले रेकरा सिमरिया निवासी पंडित पूरन प्रसाद शास्त्री का सम्मान भी किया गया द्यइसी क्रम में पवई विधानसभा क्षेत्र में हमेशा विकास के लिए चिंतन करने वाले समाजसेवी प्रहलाद बेहरे , श्री विद्यासागर गौ सेवा केंद्र के प्रबंधक ज्ञानचंद जैन जो की 5000 से अधिक गायों की सेवा निरंतर करते चले आ रहे हैं, खेल क्षेत्र में निरंतर खेल प्रतिभाओं को निखारने का कार्य कर रही गौसिया खान सहित खो खो प्रतियोगिता एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर पवई नगर का परचम लहराने वाले खिलाड़ियों का सम्मान, ग्राम दनवारा के प्रतिष्ठित परिवार की बेटी शक्ति दुबे जो की अपने गायन क्षमता के माध्यम से देश भर में लोकप्रिय हो चुकी है तथा बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ योजना की ब्रांड एंबेसडर भी है उनका सम्मान भी मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के मंच से किया गया शक्ति दुबे ने शानदार कविता का भी वाचन किया, मुख्यमंत्री स्कूटी प्रतियोगिता में आधा दर्जन से अधिक प्रतिभागी जिन्होंने यह प्रतियोगिता जीती उनका सम्मान भी मंच से किया गया इसके अलावा मध्य प्रदेश प्रशासनिक सेवा में सफल हुए प्रतिभागी तथा एमबीबीएस परीक्षा में सफलता पाने वाले प्रतिभागियों का सम्मान भी हुआ इसी प्रकार मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रमुख उधोषक जो कि अपनी प्रतिभा के बल पर पूरे जिले भर में एक विशेष स्थान रखते हैं सुरेंद्र प्रताप सिंह उनका सम्मान भी जिला अध्यक्ष धनंजय श्रीवास्तव द्वारा किया गया इसके अलावा मध्य प्रदेश श्रमजीवी सदस्यता अभियान 2024 में विशेष कार्य करने वाले साथियों का सम्मान जिसमें प्रमुख रूप से विजय दुबे अमानगंज समीम खान पवई कैलाश सेन रेपुरा गौरी शंकर कुशवाहा देवेंद्रनगर, अजय विश्वकर्मा शाहनगर, का सम्मान भी जिला अध्यक्ष द्वारा किया गया कार्यक्रम में पधारे सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व प्राचार्य उमा प्रसाद पांडे ने कहा कि मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ को भगवान राम की कृपा है जो इस तरह की आयोजन कर रहे हैं क्योंकि बिना भगवान की कृपा हुए इस तरह की आयोजन कोई नहीं कर सकता प्रसिद्ध वेदाचार्य पंडित पूरन शास्त्री ने पत्रकारों को सीख देते हुए कहा कि पत्रकार को हमेशा मृदभाषी होना चाहिए शांत मन से स्वच्छ लेखनी का÷होता है स्वच्छ लेखनी समाज में सकारात्मक संदेश देती है

प्रदेश एवं संभाग से संगठन के वरिष्ठ सदस्य रामकिशोर अग्रवाल एवं संभाग अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल तथा महासचिव प्रतीक खरे एवं पन्ना जिला अध्यक्ष धनंजय श्रीवास्तव द्वारा विभिन्न तहसीलों से पहुंचे करीब एक सैकड़ा साथियों को संगठन के कार्ड सम्मान पूर्वक वितरित किए गए ब्लॉक इकाई अध्यक्ष सुरेंद्र पांडे द्वारा समस्त प्रतिभाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान पूर्वक विदाई की गई एवं सभी का आभार व्यक्त किया गया

संपादकीय

# अपराध का राजनीतिकरण...

राजनीतिक संरक्षण में अपराधियों का फलना-फूलना किसी भी समाज के लिये दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही है। लेकिन संगीन अपराध के मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय वास्तविक अपराधियों को दंडित करना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। पश्चिम बंगाल की राजनीति में आपराधिक तत्वों का बोलबाला दशकों से जारी रहा है। कभी जो दबंग लोग पश्चिम बंगाल की वामपंथी सरकार के दौरान वोट छापने व बूथ कब्जाने के लिये कुख्यात थे, अब उनके ही चोला बदलकर सत्तारूढ़ टीएमसी के कार्यकर्ताओं के रूप में नजर आने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय निकाय चुनावों में हुई हिंसा व चुनावों में हेराफेरी इसकी बानगी बतायी जाती है। ताजा मामला पश्चिम बंगाल के उत्तर परगना जिले में स्थित संदेशखाली का है, जो आज राजनीति का अखाड़ा बना हुआ है। हिंसा व दबंगई के लिये कुख्यात इलाके में दबंग राजनेताओं द्वारा जमीन कब्जाने और आदिवासी महिलाओं के शोषण के मामले उजागर हुए। यदि दबंग राजनेताओं द्वारा महिलाओं का सामूहिक शोषण किया जाता है तो निश्चय ही यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हालांकि, इस प्रकरण में अब तक डेढ़ दर्जन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बहरहाल, हिंसा और दबंगई के लिये मशहूर पश्चिम बंगाल की राजनीति में संदेशखाली का विवाद लगातार विस्तार लेता प्रतीत हो रहा है। जहां तृणमूल कांग्रेस भाजपा को मामले को तूल देने के आरोप लगा रही है, वहीं भाजपा अपराधियों को बचाने के आरोप सत्तारूढ़ दल पर लगा रही है। सवाल उठाये जा रहे हैं कि इन महिलाओं ने पहले दबंग राजनेताओं के खिलाफ आवाज क्यों नहीं उठाई। कुछ लोगों की दलील है कि मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद वे आवाज उठाने में सक्षम हो पायी हैं। बहरहाल, राशन घोटाले, अभियुक्तों के ठिकानों पर छापे, जमीन हड़पने और सामूहिक उत्पीड़न के आरोपों के बीच संदेशखाली लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। केंद्र सरकार के बड़े नेताओं व विभिन्न आयोगों के प्रतिनिधियों के संदेशखाली जाने की बात की जा रही है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पहले ही संदेशखाली का दौरा कर चुका है। बहरहाल, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपों से इतर यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आज भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में दबंगों का वर्चस्व बना हुआ है। लेकिन यहां जरूरी है कि किसी भी राज्य में किसी भी दल की सरकार हो, अपराधी बख्शे नहीं जाने चाहिए। अब चाहे मणिपुर में महिलाओं का शोषण हो या संदेशखाली सामूहिक यौन उत्पीड़न, सभी जगह पीड़ितों को न्याय दिलाने में तत्परता दिखानी चाहिए। अपराधी की न कोई राजनीतिक विचारधारा होती है और न ही कोई धर्म होता है। उसे सिर्फ अपराधी की तरह ही देखा जाना चाहिए।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में आपराधिक तत्वों का बोलबाला दशकों से जारी रहा है। कभी जो दबंग लोग पश्चिम बंगाल की वामपंथी सरकार के दौरान वोट छापने व बूथ कब्जाने के लिये कुख्यात थे, अब उनके ही चोला बदलकर सत्तारूढ़ टीएमसी के कार्यकर्ताओं के रुप में नजर आने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय निकाय चुनावों में हुई हिंसा व चुनावों में हेराफेरी इसकी बानगी बतायी जाती है। ताजा मामला पश्चिम बंगाल के उत्तर परगना जिले में स्थित संदेशखाली का है, जो आज राजनीति का अखाड़ा बना हुआ है।



● संपादक

श्रीजी वेली पर चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में आज होगा रुक्मणी विवाह, कल पूर्णाहुति

# भक्ति अडिग रहेगी तो भक्तों की रक्षा के लिए भगवान को आना ही पड़ेगा



भगवान का अवतरण भक्तों की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए हुआ है। उनकी लीलाओं में प्राणी मात्र के प्रति सदभाव और कल्याण का चिंतन होता है । संसार की दृष्टि से भगवान की लीलाओं का चाहे जो अर्थ-अनर्थ निकाला जाए, यह शाश्वत सत्य है कि यदि हमारी भक्ति अडिग और अखंड रहेगी तो भगवान को हमारी रक्षा के लिए आना ही पड़ेगा। भक्ति निष्काम और निर्दोष होना चाहिए। भक्ति मनुष्य को निर्भयता प्रदान करती है।

ये प्रेरक विचार है. बाल व्यास आचार्य पंडित ऋषभदेव के, जो उन्होंने श्रीजी वेली, भिचौली मर्दाना पर चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में उपस्थित भक्तों को बाल लीला,56 भोग, गोवर्धन पूजा प्रसंगो पर संबोधित करते हुए व्यक्त किए। प्रारंभ में संयोजक नितिन मालवीय के साथ राऊ के विधायक मधु वर्मा, महेंद्र शुक्ला, ममता पचौरी, अनिता बेंदेल, डॉ. मीनल पचौरी (भोपाल) शिवानी बेंदेल (सिवनी) ने व्यासपीठ का पूजन किया। आरती में अजय पांडे, पिंटू उमेश शर्मा, कनक मालवीय, आशुतोष अग्रवाल, रोहित पाठक, अंकुर मिस्त्री आदि ने भाग लिया। विद्वान वक्ता की अगवानी मालवीय परिवार ने की। संयोजक नितिन मालवीय ने बताया कि पंडित ऋषभदेव 27 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे तक व्यासपीठ पर विराजित होकर कथामृत वर्षा करेंगे। आज कृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग धूमधाम से मनाया जाएगा। कल मंगलवार को सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष प्रसंग के साथ इस दिव्य महोत्सव का समापन होगा।

बाल व्यास आचार्य पंडित ऋषभदेव ने कहा कि भगवान की भक्ति कभी निष्फल नहीं होती। कृष्ण की बाललीलाएं पूतना वध से शुरू होकर कंस वध तक जारी रही और सबमें भक्तों के कल्याण का ही भाव है। ब्रज की भूमि आज भी भगवान की लीलाओं की साक्षी है, जहां हजारों वर्ष बाद भी गोपी गीत, महारास और कालिया देह नाग के मर्दन के जीवंत उदाहरण मौजूद हैं। हमारी संस्कृति में कुछ भी कपोल-कल्पित नहीं है। जितने प्रसंग हमारे धर्म शास्त्रों में बताए गए हैं, उन सबके प्रमाण आज भी देखे जा सकते हैं। यह भारत भूमि का ही चमत्कार है कि यहां सबसे ज्यादा देवी-देवता अवतार लेते हैं। भक्तों की भी यही भूमि है और लीलाओं का अलौकिक मंचन भारत की पुण्य धरा पर ही होता है।

मेगा एडवेंचर कैंप : बैलून की भव्यता और रोमांच को देखने जुटी भीड़

# हवा के साथ देते ही आसमान में दिखा रंगबिरंगा हॉट एयर बैलून





इंदौर में पहली बार लोगों ने हॉट एयर बैलून का आनंद लिया । बलून की भव्यता औऱ रोमांच को देखने के लिए दिनभर लोगो की भीड़ लगी रही। विश्व शांति गुरुकुल के अश्विन कुमार ने बताया कि गांधीनगर परिसर में आयोजित मेगा एडवेंचर कैंप के अंतर्गत हॉट एयर बैलून लाया गया था। सुबह से ही इस बैलून को देखने के लिए बड़ी संख्या में बच्चे अपने माता-पिता के साथ पहुंचे।

लेकिन सुबह हवा की तेज गति के कारण कुरुक्षेत्र से आए एक्सपर्ट यादवेन्द्र सिंह ने बैलून उड़ाने का समय आगे बढ़ा दिया। जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता रहा लोगों का रोमांच भी बढ़ता रहा। अंततः शाम 5:00 बजे हवा की गति अनुकूल हुई और फिर एडवेंचर एक्सपर्ट की टीम हॉट एयर बैलून को मैं गैस भरने और उसे ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हो गई। लगभग आधे घंटे की तैयारी के बाद हॉट एयर बैलून पूरी तरह तैयार हो गया। और रंग बिरंगा बैलून इंदौर के आसमान में दूर से ही नजर आने लगा इस रोमांचित करने वाले हॉट एयर बैलून में कई लोगों ने सवारी भी की जिन्हें लगभग डेढ़ सौ फीट तक की ऊंचाई पर ले जाकर इंदौर की खूबसूरती दिखाई गई। अश्विन कुमार ने बताया कि हॉट एयर बैलून के साथ ही मेगा एडवेंचर कैंप में कई सारी गतिविधियां आयोजित की गई थी इस कैंप में कमांडो नेट, प्लांक वॉक, ट्रामपॉलिन, गन शूटिंग, फ्लाइंग फॉक्स, टायर स्विंग, आर्चरी, बर्मा ब्रिज जैसी कई गतिविधियां का बच्चों का बड़ों ने जमकर मजा लिया।

कुलदेवी आद्य लक्ष्मी के लिए अग्रवाल बंधु आगे आएं

# अग्रोहा में पांच सौ करोड़ की लागत से तैयार हो रहा विश्वस्तरीय मंदिर



अ.भा. अग्रवाल सम्मेलन के तत्वावधान में अग्रवाल समाज की पितृ भूमि अग्रोहा शक्तिपीठ (हरियाणा) में कुलदेवी आद्य लक्ष्मी के विश्व स्तरीय मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें वास्तुकार अहमदाबाद के प्रख्यात वास्तुविद सी.बी. सोमपुरा हैं। सोमपुरा ने ही अयोध्या में रामलला मंदिर सहित देश के अनेक प्रमुख बड़े मंदिरों में डिजाइन तैयार की है। मंदिर निर्माण पर प्रथम चरण में पांच सौ करोड़ रूपए का खर्च होगा। अग्रवाल-वैश्य बंधुओं को भी आगे आकर इसमें सहयोग करना चाहिए।

अग्रवाल सम्मेलन नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने मालवा मिल क्षेत्र स्थित गोयल हाउस पर आयोजित कार्यक्रम में उक्त जानकारी देते हुए शहर के अग्रवाल-वैश्य संगठनों के प्रतिनिधियों को अग्रोहा आने का न्योता भी दिया। संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल एवं बाबूराम गुप्ता का भी इस मौके पर शहर के प्रमुख अग्रवाल संगठनों की ओर से सम्मान किया गया। महामंत्री अरविंद बागड़ी, संतोष गोयल, संजय बांकड़ा एवं अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति के अध्यक्ष राजेश बंसल ने तीनों वरिष्ठ पदाधिकारीयों का सम्मान किया। महाराजा अग्रसेन के चित्र पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न अग्रवाल संगठनों के प्रतिनिधि के रूप में गोविंद सिंघल, किशोर गोयल, गणेश गोयल, विष्णु बंसल भी शामिल थे।

गर्ग ने बताया कि कुलदेवी महालक्ष्मी का मंदिर 108 फीट लंबा, 108 फीट चौड़ा और 108 फीट ऊंचा बनेगा, जिसकी रचना श्रीयंत्र की कलाकृति पर हुई है और यह सभी धर्म के लिए खुला रहेगा। इंदौर के अग्रवाल बंधु एक बार अग्रोहा अवश्य पधारें और वहां चल रहे निर्माण एवं सेवा कार्यों का अवलोकन कर उनमें सहयोग प्रदान करें।

# आठ वर्षों से संस्था सखी के सेवाकार्य जारी



इंदौर। एक छोटी सी सेवा की यात्रा 2016 में संस्था कृष्णसखी की संस्था के संस्थापक शशि सातपुते ने शुरू की थी, जिस यात्रा ने देखते ही देखते 8 वर्ष का लम्बा सेवा का सफर तय कर लिया। शशि ने अपने जन्मदिन पर इस यात्रा के शुरू किया था, जिसमे कई प्राकृतिक आपदाएं और लॉकडाउन जैसी मुस्किल परिस्थितियों में लाखों लोगों की मदद संस्था द्वारा की गई, चाहे मानव सेवा हो या प्राणी सेवा संस्था कृष्णसखी और इन्हें संस्थापक शशि सातपुते अपनी टीम के साथ सदैव सेवाकर्यों में लगे रहते हैं, इन लंबे सफर में संस्था ने कई कीर्तिमान व रिकॉर्ड भी बनाए है, जैसे जब गोमाता पर लंपी वायरस आया तक संस्था द्वारा 65 हजार गौमाता को वैक्सीन लगाकर गौमाता की जान बचाई गई, और एक दिन में 11 हजार से अधिक गौमाताओं को वैक्सीन लगाकर रिकॉर्ड बनाया गया। जब कोरोना काल आया तक 10 हजार बच्चों को पोषण आहार पैकेट बांटकर एक और कीर्तिमान बनाया, और जब हजारों लोगों के शव की राख तक नर्मदाजी में विसर्जित करने वाला कोई नहीं मिला तक लॉकडरउन जैसे हालातों में 125 क्विंटल शव की राख को विधिविधान के साथ विसर्जित किया हो, चाहे कोई प्राकृति आपदा हो या मध्यप्रदेश में कोई भी संकट शशि सातपुते और संस्था कृष्णसखी का नाम सदेव सभी को सेवाकर्यों में सुनाई देता है।

# प्रशांत गोयल अध्यक्ष विमल बंसल महामंत्री





इंदौर। अग्रवाल समाज की सक्रिय और सेवाभावी संस्था अग्रसेन माधवी सोशल ग्रुप की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वानुमति से किया गया। ग्रुप की संस्थापक राधा राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि प्रशांत -निर्मला गोयल अध्यक्ष, सुनीता-संजय पाटनी महिला उपाध्यक्ष, अनिल-सरिता मंगल एवं महेंद्र सुनीता गर्ग उपाध्यक्ष, विमल-अनिता बंसल महामंत्री, प्रवेश-शिल्पा ऐरन कोषाध्यक्ष, अनुराग-प्रेरणा अग्रवाल प्रचार मंत्री एवं जितेंद्र-ज्योति अग्रवाल सहमंत्री निर्वाचित हुए । कार्यकारिणी में नितिन-डिंपल अग्रवाल, योगेंद्र-मीना सिंघल, श्याम-सीमा अग्रवाल, नीतेश-चंचल अग्रवाल, गगन-नीतू गर्ग, धीरज-नीताशा अग्रवाल एवं शिवनारायण अग्रवाल मनोनीत किए गए। सलाहकार मंडल में मीना-नारायण गोयल, कमल-दीपा बंसल, अरुण-सविता अग्रवाल एवं संजय-मयूरी मंगल का मनोनयन किया गया है।

कोष्टी समाज महानगर में युवक-युवती परिचय सम्मेलन

# जीवनसाथी की तलाश में युवतियों ने हाथ में बेझिझक संभाला माइक





श्री कोष्टी समाज महानगर इंदौर के अध्यक्ष कल्याण देवांग मीडिया प्रभारी दिलीप वर्मा ने बताया कि रविवार को कोष्टी समान महानगर इंदौर का युवक युवती परिचय सम्मेलन परदेशीपुरा चौराहा स्थित गोकुलधाम मैदान में जायोजित हुआ, जिसमें पूरे भारतवर्ष से युवक-युवती ने आकर परिचय दिया। इस अवसर पर चारों समाज के अध्यक्ष कल्याण देवांग, ताराचंद झांसीवाला, दिलीप हेड़वे, रविंद्र श्रीवंश मौजूद थे।

कार्यक्रम में 550 से अधिक विवाह योग्य युवक-युवतियों ने अपने भाई-बहन, माता-पिता के साथ दिन भर अपने योग्य जीवन साथी की तलाश की। युवतियों ने बेझिझक हाथ में माइक संभाला और अपना परिचय दिया तो, युवकों ने भी अपने व परिवार के योग्य युवतियों की तलाश की। मध्यप्रदेश के साथ-साथ अन्य प्रदेशीं गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कोलकाता, कर्नाटक, ओडिशा, छत्तीसगढ़, आदि प्रदेशों से युवक युवतियों के साथ विधवा, विधुर, विकलांग, पुनर्विवाह प्रत्याशियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेश की पूजा अर्चना, सरस्वती वंदना कर द्वीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया, गोलू शुक्ला और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, नगरनिगम सभापति मुन्नालाल यादव, पार्षद राजेंद्र राठौर, जीतू यादव, रुपाली पेंढरकर उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत डॉ सुरेश बुरी, मनोहर टैमरे, कैलाश कनोडिया, मुकेश देवांग, नरेंद्र भुरड़, श्रवण निगजे, ओमप्रकाश कनोडिया, मुकेश टेमरे आदि ने किया।

# अर्चना गुप्ता को पीएचडी की उपाधि

इंदौर। श्रीनागर चित्तौड़ा महाजन वैश्य समाज के प्रतिभावान युवा अंशुल गुप्ता निवासी अंबिका पुरी इंदौर, वर्तमान में भारतीय जल सेना (नैवी) में लेफ्टिनेंट ऑफिसर के पद पर मुंबई में पदस्थ हैं, उनकी धर्मपत्नी अर्चना गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय से पर्यावरण अध्ययन पर डॉक्टर आफ फिलासफी (पीएच.डी.) की उपाधि प्राप्त कर अपने परिवार ,समाज एवं राष्ट्र का नाम आगे बढ़ाया है।

# खेल प्रबंधक प्रभाकर लक्कड़ का निधन



इंदौर। हैप्पी वांडरर्स क्लब इंदौर के संस्थापक और खेल प्रबंधक प्रभाकर लक्कड़ दादा का रविवार को निधन हो गया। 26 फरवरी को सुबह 11 बजे रामबाग मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। अनेक खेल संस्थाओं ने अपनी नियमित खेलकूद गतिविधियों रोककर दादा को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके खेलकूद के प्रति दी गई सेवाओं और उपलब्धियों का याद किया।

# गुरू हरराय के प्रकाश पर्व पर विशेष दीवान

इंदौर। सिख समाज द्वारा गुरुद्वारा गुरु हरराय साहब न्यू रानीबाग लिंबौदी में गुरु हरराय का प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। इस दौरान रविवार को सुबह विशेष दीवान सजाया गया। प्रकाश पर्व में स्वर्ण मंदिर के रागी भाई रविंदर सिंह ने रागात्मिक कीर्तन किया। इस मौके पर समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। प्रकाश पर्व पर ज्ञानी निशान सिंघजी हेड ग्रंथि, (अमृतसर) ने गुरुजी का इतिहास बताते हुए कहा कि आजकल के दवाखाने गुरु, गुरु हर रायजी की देन है। गुरुद्वारे के अध्यक्ष अवतार सिंह सैनी और सचिव जसबीर सिंह अरोरा ने बताया कि सिख समाज के तत्वावधान में गुरुद्वारा श्रीगुरु हरराय साहबजी न्यू रानी बाग लिंबौदी में पर्यावरण के रक्षक गुरु हरराय का प्रकाश पर्व आयोजित किया गया। मीडिया प्रभारी रतनजीत सिंह शैरी ने बताया कि बहुत ही सुंदर पंडाल और सुंदर पालकी में श्री गुरु ग्रंथ साहेबजी का प्रकाश किया गया। स्वर्ण मंदिर के रागी भाई रविंदर सिंह ने रागात्मिक कीर्तन की प्रस्तुति दी।

विनयांजलि सभा ▶ श्वेतांबर और दिगंबर जैन समाज ने गुणानुवाद सभा का किया आयोजन

# आचार्य विद्यासागर और दौलतसागर महाराज का किया पुण्य स्मरण



## अनुष्ठानों के ज्ञाता आचार्य विद्यासागर जी महाराज

हाईलिंक सिटी में विनयांजलि कार्यक्रम के दौरान जैन समाजजन ने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज विधान और अनुष्ठान कराने में सर्वश्रेष्ठ रहे हैं। वह हर अनुष्ठान को बड़ी ही कुशलता और दिव्यता से अपना मार्गदर्शन हमेशा प्रदान करते रहे हैं। उनका स्थान कोई नहीं ले सकता, वह अनुष्ठानों के ज्ञाता थे।

जैन समाज के दो बड़े संत आचार्य ने अपने शरीर का त्याग किया इसलिए जगह-जगह में विनयांजलि ( गुणानुवाद सभा) कार्यक्रम के आयोजन हो रहे हैं। इंदौर के पश्चिम क्षेत्र स्थित हाईलिंक सिटी में श्वेतांबर और दिगंबर जैन समाजजन अपने दोनों ही आचार्य विद्यासागरजी महाराज और गच्छाधिपति दौलत सागर सूरीश्वरजी महाराज का स्मरण सामूहिक रूप से किया। रविवार को हाईलिंक सिटी में विनयांजलि सभा में श्वेतांबर जैन समाज के अध्यक्ष पुंडरीक पालरेचा कहा कि गच्छाधिपति दौलत सागर सूरीश्वर महाराजका सान्निध्य स्थानीय मंदिर में 7 साल पूर्व मिला था। उनके द्वारा दिए गए आगम ग्रंथ की प्रतिलिपि मंदिर में मौजूद है। जैन समाज के सर्वोच्च आगम ग्रंथ की प्रेरणा दौलत सागर जी महाराज ने जन-जन तक पहुंचाई और आगम ग्रंथ के श्लोक को सोने, चांदी और पत्थरों पर उकरने का संदेश दिया ताकि आने वाली पीढियों तक भगवान महावीर की वाणी पहुंचाई जा सके। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष महेंद्र पहाड़िया, जेके गुप्ता, रवि सेठिया, रुपाली जैन, महावीर जैन कॉलोनी अध्यक्ष धर्मेंद्र गेदर सहित की समाजजन ने विनयांजलि अर्पित की। संचालन सचिन जैन ने किया। आभार संजय बडजात्या ने माना।

सचिन जैन ने कहा कि गुरुवर को भारत रत्न देने की चर्चा हो रही है, वह आज के युग के भगवान थे। देश सेवा संतों ने जीवनभर की और उन्होंने सारे ब्रह्मांड और मनुष्य मात्र के जीवन के कल्याण का संदेश देते हुए अपना जीवन अर्पित किया। वह तो ब्रह्मांड रत्न हैं।

# पश्चिमी यूपी में पिछड़ों के सहारे सियासी जमीन तैयार करने में जुटी कांग्रेस



यूपी में अपना सियासी जनाधार खो चुकी कांग्रेस पश्चिमी यूपी में पिछड़ों का दांव खेलने की कोशिश कर रही है। इसकी एक झलक राहुल गांधी के संबोधन में देखने को भी मिली। मुरादाबाद पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा पर हमलावर रहे। करीब 14 मिनट के संबोधन में उन्होंने न तो गठबंधन की बात की और न ही लोकसभा चुनाव पर चर्चा की।

देश में पिछड़ों की भागीदारी कम होने पर सवाल उठाए। राहुल गांधी पिछड़ों के साथ दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के जातिगत समीकरण को भी समझा गए। शनिवार सुबह राहुल गांधी ने मुरादाबाद से पार्टी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अगले चरण की शुरुआत की। यात्रा का यह चरण पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर केंद्र है। मुरादाबाद जामा मस्जिद के पास से शुरू हुई यात्रा गलशहीद चौराहा, भूड़ा का चौराहा, संभल चौराहा होते हुए कोहिनूर तिराहा तक गई। यात्रा फिर अमरोहा के लिए रवाना हो गई। यात्रा संभल चौराहे पर पहुंची तो खुली गाड़ी बहन प्रियंका गांधी के साथ मौजूद राहुल गांधी भीड़ से मुखातिब हुए। सवाल-जवाब के लहजे में अपने संबोधन की शुरुआत की। कुछ उदाहरण के जरिये भाजपा पर हमला करते रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह से लेकर अदाणी-अंबानी तक का नाम लिया। इसके बाद राहुल गांधी ने पिछड़ों को साधने की कोशिश की। उन्होंने पिछड़ों के साथ दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों की बात की। देश में किसकी कितनी आबादी है, इसके जातिगत आंकड़े भी बताए। फिर नब्बे फीसदी आबादी वाले (पिछडे, दलित, अल्पसंख्यकों, आदिवासी) इस वर्ग की कंपनियों, अस्पतालों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों में कम भागीदारी पर सवाल उठाए। साथ ही मनरेगा में पिछड़ों और गरीबों की हिस्सेदारी अधिक बताकर मौजूद भीड़ को खुद से जोड़ने की कोशिश की। राहुल गांधी यही नहीं रुके। उन्होंने जातिगत जनगणना की भी वकालत की, ताकि कौन है, कितने हैं, इसके सही आंकड़े का पता चल सके। तीन दिन पहले बुधवार को सपा से हुए गठबंधन के महत्वपूर्ण सियासी फैसले का राहुल गांधी ने अपने संबोधन में जिक्र तक नहीं किया। जबकि वह गठबंधन के तहत सपा खाते में गई मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से ही पश्चिमी यूपी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत कर रहे थे। इसके अलावा लोकसभा चुनाव भी उनके संबोधन का एजेंडा नहीं रहा। यही नहीं पश्चिमी यूपी में होने के बाद भी इंडिया गठबंधन छोड़कर भाजपा के पाले में जाने वाले रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी पर भी कोई टीका टिप्पणी नहीं की।

### यात्रा में भीड़ के जरिये गठबंधन को ताकत का अहसास कराया

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिये कांग्रेसियों ने गठबंधन को ताकत का अहसास कराया। जामा मस्जिद के पास से लेकर कोहिनूर तिराहा तक यात्रा में भीड़ जमी रही। वाहनों का काफिला भी लंबा रहा। काफिला का अगला सिरा कोहिनूर तिराहे पर था तो पिछला सिरा गलशहीद चौराहे पर था।

### वेस्ट यूपी में कांग्रेस को मिली हैं पांच सीटें

सपा और कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर सीटों का बंटवारा हो चुका है। कांग्रेस के खाते में 17 सीटें आई हैं। इसमें पश्चिमी यूपी की पांच सीटें शामिल हैं। जो अमरोहा, फतेहपुर सीकरी, सहारनपुर, बुलंदशहर और गाजियाबाद है। इसके अलावा रायबरेली, अमेठी, कानपुर नगर, बांसगांव, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, झांसी, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी और देवरिया शामिल हैं।

## शॉर्ट न्यूज़



### राहुल ने अखिलेश के कंधे पर हाथ रखकर ली सेल्फी

**अलीगढ़/आगरा।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार को पहले अलीगढ़ और फिर आगरा में रही। आगरा में यात्रा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी शामिल हुए। इस दौरान राहुल और प्रियंका ने अखिलेश के साथ एक किलोमीटर लंबा रोड शो किया। इसके बाद यात्रा राजस्थान के धौलपुर के लिए रवाना हो गई। जबकि अखिलेश यादव आगरा एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना हो गए। आगरा में रोड शो के दौरान अखिलेश ने कहा कि आगरा मोहब्बत की दुकान के नाम से दुनिया में जाना जाता है। इस शहर से मोहब्बत भर कर ले जाएं और पूरे देश में बांटें। जबकि प्रियंका गांधी ने कहा कि आज बहुत खुशी का दिन है। 7 साल बाद अखिलेश और राहुल साथ आए हैं। राहुल गांधी ने कहा कि मैं, प्रियंका और अखिलेश मिलकर नफरत को मिटाने निकले हैं। गरीबों और महिलाओं पर अन्याय हो रहा है। इसलिए हमने भारत जोड़ो यात्रा में न्याय जोड़ दिया है।

### चुनाव से पहले सिंधिया और सांसद यादव में फिर 'ठनी'

**गुना।** गुना में पासपोर्ट सेवा केंद्र लोकार्पण को लेकर अब विवाद शुरू हो गया है। बीते दिन बीजेपी सांसद डॉक्टर केपी यादव ने पोस्ट ऑफिस पहुंचकर पासपोर्ट केंद्र का लोकार्पण कर दिया था। सांसद ने केंद्र की व्यवस्थाओं को देखकर अचानक नारियल फोड़ दिया और मंत्रोच्चार के बीच पासपोर्ट केंद्र का शुभारंभ कर दिया। वहीं, लोकार्पण के बाद एक बार दोबारा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और सांसद केपी यादव आमने सामने आ गए हैं। गुना में पासपोर्ट सेवा केंद्र को स्थापित करने में किसकी भूमिका अहम रही इसका श्रेय लेने की होड़ मची हुई है। दोनों नेताओं द्वारा विदेश मंत्री एस. जयशंकर को लिखे गए पत्र वायरल हो रहे हैं। गुना में पासपोर्ट सेवा केंद्र खोले जाने के लिए सांसद केपी यादव ने सबसे पहला पत्र विदेश मंत्री एस. जयशंकर को लिखा था। इसके बाद उन्होंने एक के बाद एक सात पत्र अलग-अलग अन्य लोगों को भी लिखे। ने पार्लियामेंट में भी पासपोर्ट सेवा केंद्र खोलने के लिए प्रश्न किया था।

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हादसा, चार की मौत

**मैनपुरी।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक कार खड़े ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इनकी पहचान कोलकाता के रहने वाले जीसान, अमन, हसन और तुसीब के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी लोग कोलकाता के रहने वाले थे। मैनपुरी पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार का कहना है कि मृतकों के परिवार से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है।

### रिश्तेदार से हैवानियत की फिल्म अभिनेता गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी फिल्मों के निर्माता, निर्देशक और अभिनेता मनोज राजपूत को अपनी एक करीबी रिश्तेदार से शादी का वादा करके पिछले 13 साल से बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने उन पर अप्राकृतिक संबंध बनाने का भी आरोप लगाया है। जब शादी का दबाव बनाया तो वो वादे से मुकर गया। गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस मनोज राजपूत को लेकर जा रही थी तो वो मीडिया के सामने फ्लाइंग किस देते हुए नजर आए। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ बड़ी साजिश रची गई है। उनको फंसाया जा रहा है। राजेश बिहारी नामक शख्स उनसे दुश्मनी निकाल रहा है। जिस लड़की ने मेरे ऊपर आरोप लगाया है, वह 11 साल से कहां थी?

**भोपाल में बोले-** देशवासियों को अब इन दोनों में से किसी एक को चुनना होगा

# शाह ने विपक्ष की तुलना कौरवों से की भाजपा को बताया देशभक्तों की टोली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी गठबंधन की तुलना कौरवों से की है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा देशभक्तों की टोली जैसी और दूसरी ओर परिवारवादी पार्टियों का गठबंधन खड़ा है। देश को इन दोनों ताकतों के बीच पसंदगी करनी है। शाह ने राहुल गांधी को लेकर कहा कि ये ऐसा रॉकेट है जो लॉन्च ही नहीं होता। शाह रविवार को मप्र के दौरे पर थे। सुबह उन्होंने ग्वालियर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। फिर खजुराहो पहुंचे। शाम को भोपाल में वृहद प्रबुद्धजन सम्मेलन में शिरकत की।

शाह भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में वृहद प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। शाह ने कहा- हमारे देश का लोकतंत्र चार नासूर जातिवाद, परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार के बीच फंसा रहा। मोदी जी ने 10 साल के अंदर ही इन चारों नासूरों को नष्ट कर पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस की स्थापना की।

मोदी ने पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस की स्थापना की: हमारे देश का लोकतंत्र ये चार नासूर के बीच में बंटा रहा। जातिवाद, परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार। मोदी जी ने 10 साल के अंदर इन नासूरों को नष्ट कर पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस की स्थापना की।



### देश को तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे

10 साल में मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं है। मोदी जी देश की अर्थव्यवस्था 5वें नंबर पर लाए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मोदी जी की गारंटी है। तीसरा जनादेश दे दीजिए। देश तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

### एक तरफ भाजपा, दूसरी ओर परिवारवादी गठबंधन

आज दो खेमे खड़े हैं, जैसे महाभारत के युद्ध में दो खेमे खड़े थे, एक ओर पांडवों का खेमा था और दूसरी ओर कौरवों का। एक और मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा देश भक्तों की टोली जैसी पार्टी खड़ी है। और दूसरी ओर सात परिवारवादी पार्टियों का गठबंधन खड़ा है।

### घमंडिया गठबंधन को बेटे-बेटियों की चिंता

शाह बोले- कौन है इंडी गठबंधन? जो नहीं चाहते कि गरीब का चाय बेचने वाला बेटा प्रधानमंत्री बने। घमंडिया गठबंधन की सातों पार्टियों के नेताओं को अपने बेटे, बेटियों की चिंता है। किसी को भी देश की चिंता नहीं है। मैं सिर्फ 20 साल की बात करता हूं। ये 20 साल में हर बार नए लुक के साथ राहुल गांधी को लॉन्च करते, लेकिन ये ऐसा रॉकेट है कि लॉन्च होता ही नहीं, हर बार वापस आ जाता है। वही रॉकेट को लेकर फिर से निकले है।

**शिवराज सिंह के लिए लगाई कुर्सी-** अमित शाह के मंच पर आनन फानन में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए कुर्सी लगाई गई। इससे पहले मंच पर 5 कुर्सी लगी थी।

### खजुराहो में बूथ कार्यकर्ताओं को दिए जीत के मंत्र

इससे पहले शाह ने खजुराहो के बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में हर बूथ पर कमल खिलाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में 400 पार सीटें जीतना है। ये काम बूथ कार्यकर्ताओं के बगैर नहीं हो सकता। इसलिए मोदी जी के दिए लक्ष्य में जुट जाइए। शाह ने अयोध्या में राम मंदिर बनने से लेकर जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने और गरीबों को मुफ्त राशन वितरण तक मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। साथ ही कांग्रेस को भी जमकर निशाने पर लिया।

### ग्वालियर में बोले- कांग्रेस से आने वाले नेताओं का करें स्वागत

इससे पहले ग्वालियर के होटल आदित्याज में शाह ने ग्वालियर और चंबल क्लस्टर प्रबंध समिति के साथ बैठक की। शाह ने कार्यकर्ताओं से कहा- मुझे मध्यप्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटें भाजपा के लिए चाहिए। हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाना है, इसके बाद प्रचंड जीत हमारी होगी। शाह ने कहा, 'कांग्रेस में जिन कार्यकर्ताओं की इज्जत नहीं हो रही है, वे भाजपा में आना चाहते हैं तो उनका स्वागत किया जाए।'

# मुझे जान से मारने की साजिश रच रहे हैं फडणवीस : जरांगे

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता का बड़ा आरोप



मराठा आरक्षण आंदोलन कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने रविवार को एलान किया कि वह महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास के बाहर प्रदर्शन करेंगे। जालना के अंतरवाली सराटी में जरांगे ने करीब एक घंटे तक भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने फडणवीस के खिलाफ कई आरोप लगाए।

जरांगे ने कहा, कुछ लोगों को मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए लालच दिया जा रहा है। उन पर दबाव डाला जा रहा है। इन साजिशों के पीछे फडणवीस का हाथ है। वह मुझे मारना चाहते हैं। मैं सागर बंगले (मुंबई के मालाबार हिल में फडणवीस का आधिकारिक आवास) तक मार्च करने के लिए तैयार हूं। इस एलान ने उनके समर्थकों को हैरान कर दिया। इस एलान से सभा स्थल पर अफरातफरी मच गई। जरांगे के समर्थक बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे। उनमें से जब कुछ ने उनका माइक्रोफोन छीनने की कोशिश की तो जरांगे ने कहा कि वह अकेले मुंबई तक मार्च करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें इसके लिए एक छड़ी की जरूरत है।

**आंदोलन के खिलाफ साजिश रच रहे फडणवीस-** जरांगे ने आरोप लगाया कि उपमुख्यमंत्री फडणवीस आरक्षण की मांग कर रहे मराठा सुदाय के आंदोलनों को नुकसान पहुंचाने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि फडणवीस लोगों के जरिए उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं।

### फडणवीस की मदद कर रहे कुछ मराठा नेता

उन्होंने दावा किया राज्य सरकार फडणवीस चला रहे हैं, न कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे या उप मुख्यमंत्री अजित पवार। आरक्षण कार्यकर्ता ने आरोप लगाया कि फडणवीस राज्य में मराठों को धमकाने की कोशिश कर रहे हैं। उनका यह दांव उल्टा पड़ेगा। जरांगे ने कहा, भाजपा के कुछ मराठा नेता मुझे बदनाम करने में फडणवीस की मदद कर रहे हैं।

### भाजपा विधायक नितेश राणे ने किया जरांगे पर पलटवार

वहीं, भाजपा विधायक नितेश राणे ने जरांगे पर पलटवार किया। राणे ने चेतावनी दी कि उन्हें फडणवीस तक पहुंचने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बड़ी दीवार पार करनी होगी। उन्होंने कहा, जरांगे को राजनीति में आना चाहिए। उन्हें फडणवीस के खिलाफ ऐसे आरोप लगाकर इतना नीचा नहीं गिरना चाहिए।

# भाजपा बड़ी जीत हासिल करेगी, लेकिन 'मोदी मैजिक' जैसा कुछ नहीं : स्वामी



वरिष्ठ भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने दावा किया कि हिंदू गौरव बढ़ने से आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी के बड़ी जीत हासिल करने की संभावना है। हालांकि, उन्होंने इसमें किसी 'मोदी मैजिक' की भूमिका को खारिज किया। स्वामी रविवार को यहां एक विधि सम्मेलन में बोले रहे थे।

उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा और इसके वैचारिक मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में व्यक्ति की तुलना में संगठन और सिद्धांत को ज्यादा महत्व दिया जाता है। स्वामी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाजपा के 370 से ज्यादा सीटें जीतने और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 400 का आंकड़ा पार करने के दावे के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि भाजपा अपने पिछले चुनावी प्रदर्शन को पीछे छोड़ देगी। पहली बार हिंदू अपनी पहचान पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्हें अब वह संकोच महसूस नहीं होता, जो (पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल) नेहरू के समय में उन पर थोपा गया था।' हालांकि पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, कुछ लोग सोच सकते हैं कि यह बदलाव उनकी (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) वजह से हुआ है। हमें ऐसी चीजों को महत्व देने की जरूरत नहीं है। मुझे नहीं लगता कि मोदी मैजिक जैसा कुछ है। भाजपा-आरएसएस में व्यक्ति को कोई महत्व नहीं दिया जाता है। यह कांग्रेस की संस्कृति रही है।

### नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी का स्वागत किया

स्वामी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ज्यादा पलटी जद (यू) अध्यक्ष के हित में नहीं होगी। उन्होंने कहा, वह (नीतीश कुमार) हमेशा हमारे थे। मुझे अभी भी समझ नहीं आ रहा है कि वह हमें छोड़कर क्यों चले गए थे। वह बुद्धिमान और विद्वान व्यक्ति हैं और उन्हें समझना चाहिए कि वह हिंदू भावनाओं के खिलाफ जाने का जोखिम नहीं उठा सकते। इसलिए, उन्हें संकल्प लेना चाहिए कि वह फिर कभी भाजपा से अलग नहीं होंगे।

बिहार के कैमूर जिले में बड़े हादसे के बाद लगा लंबा जाम

# ट्रक-स्कॉर्पियो भिड़ंत में 9 की मौत



बिहार के कैमूर जिले में रविवार देर शाम एनएच-2 पर भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना मोहनिया थाना क्षेत्र में देवकली के समीप हुई। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और एनएचएआई की टिम शव को बाहर निकलवाने और पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार सासाराम की तरफ से वाराणसी की तरफ जा रही स्कॉर्पियो जैसे ही मोहनिया एनएच-2 के पास देवकली गांव के समीप पहुंची, जहां एक बाइक सवार को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ चली गई। फिर सामने से आ रहे कंटेनर में टकरा गई। जिससे स्कॉर्पियो सवार और बाइक चालक सहित कुल 9 लोगों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना के बाद एनएच-2 पर गाड़ियों का लंबा जाम लग गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। साथ ही मृतकों की पहचान की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल में भेज दिया है।

मोहनिया एसडीपीओ दिलिप कुमार ने बताया कि स्कॉर्पियो सासाराम की तरफ से आ रही थी जो कि मोहनिया से होते हुए उत्तर प्रदेश की तरफ जा रही थी, तभी जैसा हम लोगों की जानकारी में पता चला कि स्कॉर्पियो बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बाइक को टक्कर मारते हुए डिवाइडर के उस पार चली गई, जिससे उधर से आ रहे कंटेनर में जोरदार टक्कर हो गई। जहां स्कॉर्पियो में सवार कुल आठ लोगों की मौत हो गई है, वहीं बाइक सवार की भी मौत हो गई है। उन्होंने कहा, फिलहाल पुलिस मामले और सभी की पहचान की जांच में जुटी है। फिलहाल सभी शवों को पोस्टमॉर्ट लिए भभुआ अस्पताल में भेजा जा रहा है। इसके साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि सभी लोग कहां के रहने वाले थे, ताकि उनके परिजनों को सूचना दे दिया जाए।

**बड़बोलापन** खुद वजह भी बताई, बोले- हम लोग मुश्किल हालातों में कर रहे हैं काम, अधिकारियों का अड़ंगा कम होने का नाम नहीं ले रहा

# सभा में केजरीवाल बोले- मुझे मिलना चाहिए नोबेल प्राइज



लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन हो गया है। अरविंद केजरीवाल हर सभा में इंडिया गठबंधन के लिए सातों सीटों पर लोगों से मतदान की अपील कर रहे हैं। रविवार को दिल्ली के आम आदमी पार्टी के मुख्यालय पर पानी के बढ़े हुए बिलों के लिए दिल्ली सरकार द्वारा लाई गई वन टाइम सेटलमेंट स्कीम को अधिकारियों द्वारा रोके जाने के मुद्दे पर केजरीवाल ने कहा कि जिन मुश्किल हालातों में वह काम कर रहे हैं, इसके लिए उन्हें नोबेल प्राइज मिलना चाहिए।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि बीजेपी वाले उपराज्यपाल का इस्तेमाल कर रहे हैं, अधिकारी हर काम में अड़ंगा लगा रहे हैं, मैं बता नहीं सकता कि मैं किन हालातों में काम कर रहा हूं, लेकिन मैं आपका बेटा हूं और आपके काम नहीं रुकने दूंगा। केजरीवाल ने कहा कि जिन स्थितियों में मैं काम कर रहा हूं, इसके लिए मुझे नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए। इस मौके पर केजरीवाल ने वालों से अपील की कि दिल्ली की सातों सीटों पर इंडिया गठबंधन को जीत दिलाएं। जिससे दिल्ली का सुरक्षा घेरा बढ़ेगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोग मुझे प्यार बहुत करते हो, लेकिन लोकसभा चुनाव आते ही बीजेपी को वोट देते हो, लेकिन इस बार दिल्ली की सातों सीटें इंडिया गठबंधन को जीतकर देना है। दिल्ली के सातों सांसदों पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी के दिल्ली से सातों सांसदों ने आज तक जनता का कोई भी मुद्दा संसद में नहीं उठाया। दिल्ली के मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जिस तरह भाजपा सरकार तानाशाही कर रही है, ऐसे में हर किसी को एक साथ आना होगा, बीजेपी के खिलाफ हर विपक्षी दल एक है। इंडिया गठबंधन मजबूती से एक-दूसरे के लिए वोट भी मांगेगा। प्रचार भी करेगा और जहां जरूरत पड़ेगी एक-दूसरे के साथ खड़ा होगा।

रिपोर्ट : एक दशक में परिवारों का मासिक खर्च दोगुने से अधिक

# भारतीय खाने पर कम और टीवी फ्रिज पर कर रहे ज्यादा खर्च

स्टेटिस्टिक्स मिनिस्ट्री ने भारतीय परिवारों के घरेलू खर्च को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें सामने आया है कि भारतीय परिवारों का घरेलू खर्च पिछले 10 साल में दोगुना से ज्यादा बढ़ गया है। मासिक प्रति व्यक्ति खर्च (एमपीससीई) की इस रिपोर्ट से पता चला है कि भारतीय घरों में खाने के सामान पर कम और कपड़े, टीवी-फ्रिज और मनोरंजन जैसी चीजों पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। भारतीय गेहूं, चावल और दालों सहित अनाज पर कम खर्च कर रहे हैं, लेकिन बेवरेज, रिफ्रेशमेंट और प्रोसेस्ड फूड पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं।

**शहरों में खाने पर 39.2% खर्च कर रहे लोग-** सर्वे के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय परिवारों का भोजन पर हर महीने खर्च 2011-12 की तुलना में 53% से घटकर 46.4% हो गया है। जबकि, खाने के बजाए दूसरे खर्च 47% से बढ़कर 53.6% हो गए हैं। शहरी इलाको में रहने वाले परिवारों की बात करें तो मंथली खर्च में भोजन की हिस्सेदारी 42.6% से घटकर 39.2% रह गई है, जबकि खाने के अलावा अन्य सामानों की हिस्सेदारी 57.4% से 60.8% हो गई है।

**11 साल बाद जारी की रिपोर्ट-** ये आंकड़े अगस्त-2022 से जुलाई-2023 के बीच किए गए अखिल भारतीय घरेलू उपभोग व्यय सर्वे में सामने आए हैं, जो सरकार ने 11 साल बाद जारी किए हैं। केंद्र सरकार एमपीससीई के आंकड़े हर 5 साल में जारी करती है, लेकिन आंकड़ों की गुणवत्ता पर सवाल उठने के कारण 2017-18 में रिपोर्ट पेश नहीं की गई थी। लेटेस्ट कंज्यूमर सर्वे भारतीय परिवारों के खर्च के पैटर्न की जानकारी देता है और अर्थव्यवस्था में मांग का आंकलन करने के लिए बेहद जरूरी है। डेटा का इस्तेमाल सरकार के जरिए रिटेल महंगाई और जीडीपी डेटा की गणना के लिए इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं को फिर से एडजस्ट करने के लिए भी किया जाएगा।



### शहरी लोगों के मुकाबले ग्रामीणों का खर्च बढ़ा

सर्वे के अनुसार, अगस्त-2022 से जुलाई-2023 के बीच ग्रामीण क्षेत्र में एक व्यक्ति का हर महीने खर्च बढ़कर 3773 रुपए हो गया है, जो 2011-2012 के पिछले सर्वे में 1430 रुपए था। इस दौरान शहरी क्षेत्र में हर महीने प्रति व्यक्ति खर्च बढ़कर 6459 रुपए हो गया है, जो पिछले सर्वे में 2630 रुपए था। रिपोर्ट में कहा गया कि कीमतों में इजाफे का कारण फास्ट-मूविंग कंज्यूमर वस्तुओं पर ज्यादा दबाव पड़ा है। भारतीय परिवारों ने 2023 में बिस्कुट, साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट, जैम और फर्श क्लीनर आदि जैसी तेजी से बिकने वाली कंज्यूमर प्रोडक्ट्स पर 5.4 ट्रिलियन रुपए खर्च किए। 2019 के बाद से ये खर्च लगभग 45% बढ़ गया है।

### ब्रेड, मक्खन और शहद से लेकर मसाले तक हो सकते हैं महंगे

फएमसीजी कंपनियां इस साल उत्पादों की कीमतों में तीन फीसदी तक की बढ़ोतरी कर सकती हैं। इससे ब्रेड, मक्खन, शहद, से लेकर मसालों तक के दाम बढ़ सकते हैं। पिछले साल कच्ची सामग्रियों के दाम घटने से इन कंपनियों ने कीमतों को घटा दिया था, लेकिन इस साल कच्ची सामग्रियों के दाम फिर से बढ़ने लगे हैं। ऐसे में कंपनियां अब कीमतें बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) कंपनियों का कहना है कि उत्पादों की कीमतें बढ़ने से उनके मार्जिन पर सकारात्मक असर होगा। गोदरेज कंज्यूमर, डाबर और इमामी जैसी कंपनियों ने कहा, दाम बढ़ाने से मूल्य आधारित वृद्धि वापस आ जाएगी। डाबर ने कहा कि उसने खाद्य उत्पादों की कीमतों में 2.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी की है। इमामी इस साल लगभग तीन फीसदी तक दाम बढ़ा सकती है। गोदरेज कंज्यूमर के एक अधिकारी ने कहा कि कमोडिटी की कीमतें अब थोड़ी ज्यादा हैं।

इन्वेस्टमेंट के बताए 15 नियम

## क्वांटिटी से ज्यादा क्वालिटी पर ध्यान दें : वॉरेन बफे



दुनिया के सबसे बड़े इन्वेस्टर और बर्कशायर हैथवे के सीईओ वॉरेन बफे ने बर्कशायर हैथवे 2023 के शेयर होल्डर लेटर में अपने टाइम लैस इन्वेस्टमेंट प्रिंसिपल्स को बताया है। ये लेटर वॉरेन बफे ने अपने शेयर होल्डर्स के लिए जारी किया है। इसमें इन्वेस्टमेंट के 15 प्रिंसिपल्स (नियम) बताए गए हैं। इसमें वॉरेन बफे कहते हैं कि 'जब दूसरे लालची हों तो भयभीत रहें, और जब दूसरे भयभीत हों तो लालची बनें।

उन्होंने नियम बताते हुए कहा कि शेयर बाजार को धैर्यवान व्यक्ति तक पैसा पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। हमारी पसंदीदा होल्डिंग अवधि हमेशा के लिए होनी चाहिए। एक सही कंपनी को अद्भुत कीमत पर खरीदने से बेहतर है कि एक अद्भुत कंपनी को सही कीमत पर खरीदा जाए। जोखिम यह न जानने से आता है कि आप क्या कर रहे हैं। जब हमारे पास अच्छे मैनेजमेंट के साथ एक अच्छी कंपनी में हिस्सेदारी हो तो हमें इसे बेचना नहीं चाहिए।

आपको हर कंपनी या यहां तक कि कई कंपनियों का विशेषज्ञ होने की जरूरत नहीं है। आपको सिर्फ अपनी क्षमता के हिसाब से कंपनियों का मूल्यांकन करने में सक्षम होने की जरूरत है। जब आप उधार लेकर निवेश करते हैं और आपको फायदा होता है तो इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। लेकिन जब नुकसान होने लगता है तो सभी का ध्यान इसी पर होता है। ये आपको परेशानी में डाल सकता है। इसीलिए उधार लेने से बचना चाहिए।पोर्टफोलियो को ज्यादा डायवर्ट करने की आवश्यकता केवल तभी होती है जब निवेशक यह नहीं समझते कि वे क्या कर रहे हैं।जब दूसरे लालची हों तो हमें डरा हुआ रहना चाहिए। वहीं जब दूसरे डरे हुए हों तो हमें लालची होना चाहिए।कीमत वह है जो आप चुकाते हैं। मूल्य वह है जो आपको मिलता है।

भगवान की तरह बाजार उन लोगों की मदद करता है जो अपनी मदद खुद करते हैं। लेकिन, भगवान के विपरीत, बाजार उन लोगों को माफ नहीं करता है जो नहीं जानते कि वे क्या करते हैं।हम बाजार में सक्रिय रहने कि तुलना में शांत रहकर इससे ज्यादा पैसे कमा सकते हैं। नियम नंबर 1: कभी पैसा न खोएं। नियम नंबर 2: नियम नंबर 1 को कभी न भूलें। कम कीमतों का सबसे आम कारण निराशावाद है - हमें कंपनी या इंडस्ट्री के लिए कभी-कभी व्यापक नजरिया अपनाना चाहिए।आपको हर स्थिति में विनम्र रहना चाहिए और हर स्टैप से कुछ न कुछ सीखना चाहिए।

## टॉप-10 कंपनियों में 8 का मार्केट-कैप 1.10 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

सेंसेक्स की टॉप 10 सबसे वैल्यूएबल कंपनियों में से 8 के मार्केट कैपिटलाइजेशन में पिछले हफ्ते 1.10 लाख करोड़ रुपए (1,10,106.83 करोड़ रुपए) का इजाफा हुआ। सबसे ज्यादा फायदे में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड रही। पिछले सप्ताह BSE का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 716.16 अंक या 0.97% बढ़ा था।

बीते सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी), आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, एसबीआई, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंफोसिस के मार्केट कैप में सामूहिक रूप से 38,477.49 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज टॉप पर कायम रही। उसके बाद टीसीएस दूसरे और एचडीएफसी बैंक तीसरे नंबर पर रही। वहीं टॉप 10 कंपनियों की इस लिस्ट में आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, एसबीआई, एलआईसी, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी शामिल रहीं।

पिछले हफ्ते में रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 43,976.96 करोड़ रुपए बढ़कर 20,20,470.88 करोड़ रुपए हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 27,012.47 करोड़ रुपए बढ़कर 7,44,808.72 करोड़ रुपए, एलआईसी का 17,235.62 करोड़ रुपए बढ़कर 6,74,655.88 करोड़ रुपए और आईटीसी का मार्केट कैप 8,548.19 करोड़ रुपए बढ़कर 5,13,640.37 करोड़ रुपए हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का मार्केट कैप 4,534.71 करोड़ रुपए बढ़कर 5,62,574.38 करोड़ रुपए, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का 4,149.94 करोड़ रुपए बढ़कर 6,77,735.03 करोड़ रुपए, भारती एयरटेल का 3,855.73 करोड़ रुपए बढ़कर 6,34,196.63 करोड़ रुपए और एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 793.21 रुपए के उछाल के साथ 10,79,286.5 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

आरबीआई ने जारी किया आंकड़ा

## 8897 करोड़ के 2000 के नोट बैंक नहीं पहुंचे

भारतीय रिजर्व बैंक ने सर्कुलेशन से बाहर किए गए 2000 रुपये के गुलाबी नोटों को लेकर बड़ा अपडेट जारी किया है। चलन से बाहर किए जाने के 9 महीने बाद भी हजारों करोड़ मूल्य के ये बड़े नोट मार्केट में मौजूद हैं, जिनकी वापसी अभी तक नहीं हो सकी है। रिजर्व बैंक के द्वारा जारी किए गए ताजा आंकड़ों पर गौर करें तो बाजार में मौजूद इन नोटों की कुल कीमत 8,897 करोड़ रुपये है। इसके साथ ही इन बड़े नोटों को बंद करने से हुए फायदे भी आरबीआई ने गिनाए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आरबीआई ने बताया है कि 31 जनवरी 2024 तक 2,000 रुपए के लगभग 97.5 फीसदी नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए थे। इसके बाद महज 2.5 फीसदी नोट ही अब जनता के पास बाकी रह गए हैं, जिन्हें अब तक आरबीआई के बैंकिंग कार्यालयों या फिर पोस्ट ऑफिस के जरिए वापस जमा नहीं कराया जा सका हैद्ध इस नोटों की वैल्यू 8,897 करोड़ रुपये है। गौरतलब है कि जब बीते साल रिजर्व बैंक ने 2000 रुपये की नोटबंदी की थी।

स्पोर्ट्स

इंटरनेशनल प्रो रेसलिंग में लहराया भारत का झंडा

## संग्राम सिंह ने पाकिस्तानी पहलवान को दिया धोबी पछाड़



6 साल बाद भारत के संग्राम सिंह अपनी जीत की राह पर लौट आए हैं। उन्होंने शबाब अलहली क्लब में अंतर्राष्ट्रीय प्रो रेसलिंग चैंपियनशिप में पाकिस्तान के मोहम्मद सईद को करीबी मुकाबले में 30-23 के स्कोर से हराया। इस जीत के साथ संग्राम सिंह ने कुल 6 राउंड की प्रतिस्पर्धा के बाद प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक और 3 करोड़ की पुरस्कार राशि के साथ-साथ एक बार फिर मैट पर अपना दबदबा कायम कर लिया।

संग्राम ने कहा, 'यह जीत मेरे सभी देशवासियों को समर्पित है, जिन्होंने हमेशा मेरा और मेरे प्रयासों का समर्थन किया है और उन सभी युवाओं को भी जो बड़े सपने देखते हैं। हर किसी को अपने सपनों के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के एकमात्र उद्देश्य के साथ मैट पर वापस आकर, मुझे खुशी है कि मैं उन्हें दिखा सका कि यह किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा, 'इस लड़ाई की तैयारी कठिन थी क्योंकि मेरा प्रतिद्वंद्वी मेरे वजन से लगभग 9-10 किलोग्राम अधिक है, और मुझसे लगभग 17 साल छोटा है, लेकिन यह वास्तव में एक अच्छी लड़ाई थी।मैं उसे भी एक शानदार मुकाबले के लिए बधाई देता हूं। अपने आप पर विश्वास रखें और हम सब चैंपियन बन सकते हैं।' इंटरनेशनल प्रो रेसलिंग चैंपियन 2024 दुबई ने एक विशाल बेंच स्ट्रेंथ का दावा किया है, जो विशिष्ट राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहलवानों को प्रदर्शित करता है, जो अंतरराष्ट्रीय और ओलंपिक सर्किट पर पदक का दावा करते हैं।

## पैरा वर्ल्ड बैडमिंटन में भारत को तीन गोल्ड

**नई दिल्ली।** भारत के सुहास यथिराज, प्रमोद भगत और कृष्णा नागर ने रविवार को थाईलैंड के पटाया में पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। तीनों ने क्रमशः पुरुष एकल एसएल 4, एसएल 3 और एसएच 6 स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पैरालंपिक रजत पदक विजेता दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी यथिराज ने एसएल 4 फाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान को 21-18 21-18 से हराकर अपना पहला विश्व खिताब जीता। कर्नाटक के यथिराज उत्तर प्रदेश कैडर के 2007 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने कहा, ''स्वर्ण पदक मिला, खुश हूं और विश्व चैंपियन बनकर गौरवांवित हूं।'' वह वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के सचिव और महानिदेशक हैं। चीन में पैरा एशियाई खेलों में एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीतने वाले भगत ने एसएल 3 फाइनल में इंग्लैंड के डेनियल बेथेल को 14-21 21-15 21-14 से हराया।

तीसरे दिन 273 रन बने और 13 विकेट गिरे, इंग्लैंड दूसरी पारी में 145 रन पर ऑलआउट, अश्विन ने झटके 5 विकेट

# भारत टेस्ट सीरीज जीत से सिर्फ 152 रन दूर

रांची भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला रांची में खेला जा रहा है। रांची टेस्ट का तीसरा दिन भारत के नाम रहा। दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 40 रन बना लिए हैं। टीम मैच और सीरीज जीत से 152 रन दूर है। कप्तान रोहित शर्मा 24 और यशस्वी जायसवाल 16 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। इंग्लिश टीम तीसरे दिन के तीसरे सेशन में दूसरी पारी में 145 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड की पहली पारी के 46 रन की लीड के आधार पर भारत को 192 रन का टारगेट मिला। इससे पहले, इंग्लैंड टीम पहली पारी में 353 और भारतीय टीम 307 रन पर ऑलआउट हुई। इंग्लैंड की दूसरी पारी में भारत की तरफ से आर अश्विन ने सबसे ज्यादा 5 विकेट झटके। इसी के साथ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 35वीं बार फाइव विकेट हॉल हासिल किया। तीसरे दिन रविवार को तीसरे सेशन में इंग्लैंड टीम अपनी दूसरी पारी में 145 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड को पहली पारी के आधार पर 46 रन की बढ़त मिली थी। ऐसे में भारत को जीत के लिए 192 रन का टारगेट मिला। इंग्लैंड के लिए दूसरी पारी में जैक क्रॉले ने सबसे ज्यादा 60 रन बनाए। वहीं शोएब बशीर इस इनिंग में नॉटआउट रहे। भारत की तरफ से आर अश्विन ने 5 विकेट लिए। कुलदीप यादव को चार सफलताएं मिलीं। एक विकेट रवींद्र जडेजा को मिला।




### गावस्कर ने जुरेल की तुलना धोनी से की

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने ध्रुव जुरेल की 90 रन बनाने के बाद जमकर तारीफ की। गावस्कर ने जुरेल की पिच पर सूझबूझ की सराहना की और उनकी तुलना एमएस धोनी से की। गावस्कर ने कमेंट्री के दौरान कहा, ध्रुव जुरेल की पिच पर सूझबूझ और स्मार्टनेस को देखकर मुझे लगता है कि वह अगले एमएस धोनी हैं। वहीं, दूसरी ओर, भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सहवाग ने जुरेल की तारीफ करते हुए एक्स पर कहा, कोई मीडिया हाइप नहीं, कोई ड्रामा नहीं, सिर्फ दमदार स्किल और एक मुश्किल परिस्थिति में शांति रखकर शानदार टेम्परामेंट। बहुत बढ़िया ध्रुव जुरेल। आपको शुभकामनाएं।

### टीम इंडिया 307 पर ऑलआउट

दिन के पहले सेशन में टीम इंडिया अपनी पहली पारी में 307 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए पहली पारी में ध्रुव जुरेल ने सबसे ज्यादा 90 रन बनाए। उनके अलावा यशस्वी जायसवाल ने 73 रन की पारी खेली। वहीं मोहम्मद सिराज इस इनिंग में नॉटआउट रहे। भारत की तरफ से ध्रुव जुरेल और कुलदीप यादव के बीच 76 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुईइंग्लैंड की तरफ से शोएब बशीर ने 5 विकेट लिए। टॉम हार्टले को तीन सफलताएं मिलीं। दो विकेट जेम्स एंडरसन ने झटके।

### इंग्लैंड टीम की रही खराब शुरुआत

चौथे टेस्ट के तीसरे दिन का दूसरा सेशन भारत के नाम रहा। इस सेशन में इंग्लैंड टीम ने अपने शुरुआती पांच विकेट खो दिए। इस दौरान कुलदीप यादव ने जैक क्रॉले और बेन स्टोक्स को बोल्ड किया। इससे पहले, शुरुआती तीनों विकेट आर अश्विन ने लिए। दूसरे सेशन में इंग्लैंड ने 33 ओवर खेले और 120 रन बनाए। रांची टेस्ट के तीसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। दिन का तीसरा सेशन भी भारत के नाम रहा। इस सेशन में इंग्लैंड ने 5 विकेट गंवाए और ऑलआउट हो गया।

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को तीन मैचों की सीरीज में किया क्लीन स्वीप

मैथ्यू शॉर्ट के दोहरे प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया 3 मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में न्यूजीलैंड को बारिश से प्रभावित मैच में 27 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही कंगारू टीम ने सीरीज में कीवियों के खिलाफ उन्हीं के घर में क्लीन स्वीप किया है। ऑकलैंड में रविवार को न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 118 रन बनाए।

जवाब में न्यूजीलैंड ने 10 ओवर में 3 विकेट पर 126 रन बनाए थे, तभी बारिश आ गई। ऐसे में डीएलएस मैथड के तहत ऑस्ट्रेलिया को 27 रन से विजेता घोषित किया गया। मैथ्यू शॉर्ट को 27 रन और एक विकेट के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रेविस हेड ने सबसे ज्यादा 30 गेंदों पर 33 रन बनाए। उन्होंने 5 चौका और एक छक्का जड़ा। वहीं, मैट शॉट ने 27 तो ग्लेन मैक्सवेल ने 20 रन की तूफानी पारी खेली। कीवी टीम की तरफ से एडम मिल्ने, बेन सियर्स, मिचेल सैंटनर और जोश क्लार्कसन को 1-1 विकेट मिला।



# 27 को आएंगे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल, केबिनेट मंत्री शुक्ला ने की बैठक



मुरैना। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 27 फरवरी को मुरैना आएंगें। मुख्यमंत्री इस दौरान टाउन हाल में आयोजित ब्राह्मण समाज के कार्यक्रम में शिकरत करेंगें। इसके साथ ही करहधाम पर चल रहे सियपिय मिलन मेला में भी पहुंचेंगें और पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगें। मुख्यमंत्री भजनलाल के आवागमन को लेकर केबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला ने ब्राह्मण समाज के लोगों के साथ दिल्ली गार्डन में बैठक की। इस दौरान कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान बैठक में पूर्व मंत्री गिर्राज डंडौतिया, हरिओम शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता, दिनेश डंडौतिया, ब्रजकिशोर डंडौतिया, देवीराम उपाध्याय, भूपेंद्र बालोठिया, संजय शर्मा, संजय डंडौतिया, प्रेमकांत शर्मा, राजेश शर्मा सहित अन्य ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारी इस बैठक में मौजूद रहे। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल के टाउन हाल पहुंचने पर उनके सम्मान कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई।

### राजस्थान मुख्यमंत्री के अगमन को लेकर ब्राह्मण समाज की बैठक सम्पन्न

# कैलारस- मुख्यमंत्री राजस्थान के आगमन को लेकर ब्राह्मण समाज की बैठक सम्पन्न

राजिस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के 27 फरवरी मंगलवार को दोपहर 12 बजे मुरेना टाउन हॉल में ब्राह्मण समाज के द्वारा स्वागत किया जाएगा एवम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवम मध्यप्रदेश के मंत्री और कार्यक्रम प्रभारी राकेश शुक्ला समाजजनों को संबोधित करेंगे ! मुख्यमंत्री केआगमन को लेकर कैलारस ब्राह्मण धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गयाबैठक में ब्राह्मण समाज के संगठन के पदाधिकारियों सहित समाज के प्रबुद्धजन सेक?ो की संख्या में मौजूद रहे ! होने वाले कार्यक्रम में कैलारस और अंचल से भी समाजजन की भारी तादाद मुरैना टाउन हॉल में पहुंचकर माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी का स्वागत करेंगे इसी को लेकर बैठक



में समाज के लोगो से अपील की गई कि 27 फ़रवरी 2024 दोपहर 12 बजे सम्पन्न होने जारहे कार्यक्रम में उपस्थित रहकर अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करें !बैठक में अतिथि मुरेना से श्री वल्लभ दंडोतिया, देवी राम उपाध्याय, बाल कृष्ण शर्मा (साठा), परशुराम बालोठिया सहित कैलारस ब्राह्मण समाज के प्रबुद्धजन सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे बेठक में उपस्थित लोगों ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के आगमन को लेकर हर्ष व्यक्त किया एवम आग्रह किया ब्राह्मण समाज के सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर एकता का परिचय दे ! ब्राह्मण नेताओं ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को ब्राह्मण समाज अपनी समस्याओं से भी अबगत करायेगा इसलिए आप सभी लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित हो !

# माननीय राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर महिला कांग्रेस ने की बैठक

**मुरैना।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर आगामी 2 मार्च को आने वाली पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष माननीय राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों को लेकर शहर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नजमा बेगम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय महिला कांग्रेस की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महिला कांग्रेस मुरैना प्रभारी श्रीमती वीना भारद्वाज जी मौजूद रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत जोड़ो न्याय यात्रा रहा, प्रभारी श्रीमती वीना भारद्वाज एवं बैठक की अध्यक्षता कर रही शहर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष नजमा बेगम ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर बैठक में उपस्थित ब्लॉक अध्यक्षगण महिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस उपाध्यक्षगण, मंडल एवं सेक्टर की अध्यक्षगण एवं समस्त महिला कांग्रेस कार्यकर्तागणों से कहा की ऊर्जा के साथ हजारों-हजारों की संख्या में समस्त महिला कांग्रेस माननीय राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का पूर्ण उत्साह से स्वागत करें, जिसका



संदेश पूरे मध्य प्रदेश में पहुंचे। बैठक में यह तय हुआ कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान मलिा कांग्रेस की कार्यकर्ता यात्रा के आगे-आगे सिर पर कलश लेकर चलेंगी।उक्त बैठक में जौरा विधायक पंकज उपाध्याय, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक शर्मा, शहर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष नजमा खान, सीमा, सरला, कार्यकारी ग्रामीण महिला अध्यक्ष मंजू सिकरवार, वरिष्ठ महिला उपाध्यक्ष शशि सक्सेना, ब्लॉक अध्यक्ष सीमा खान,ब्लॉक अध्यक्ष आशा बेपुरिया,कल्पना सिकरवार,अंशु सिकरवार,रानी खान,पार्वती,गुड्डी,चंदा, हसीना, सीमा ,मीना आदि महिला कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री आदि रही।

# ज्ञान, त्याग, और तपोबल के सागर आचार्य श्री विद्यासागर को पोहरी मे दी विनयांजलि

### श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर किले अंदर मे आयोजित हुआ कार्यक्रम



दिगम्बर जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज 18 फरवरी को ब्रह्मलीन हो गए थे। उन्होंने विधिवत सल्लेखना धारण कर डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन तीर्थ में देह त्यागा था। इसके बाद उनके अनुयायियों ने यहीं पर आचार्य श्री का अंतिम संस्कार किया। प्रेस को जारी विज्ञप्ति मे जैन समाज के योगेंद्र जैन पत्रकार ने बताया कि 25 फरवरी को देश प्रदेश सहित पोहरी नगर मे भी श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर किले अंदर पर आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सम्मान में विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें जैन समाज के अलावा पोहरी नगर परिषद के पार्षद सहित जनप्रतिनिधि भी उपस्थिति रहेइसमें आचार्य श्री के चित्र पर दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूबाद की इसी दौरान आचार्य श्री के जीवन पर एक एक करके सभी ने प्रकाश डाल एवं बताया की आचार्य श्री ने जीवन की शुरूबाद से ही जिन शासन की रहा पर चले है वो ज्ञान के सागर एवं त्याग की प्रतिमूर्ति थी जीवन भर लोगो एवं देश की भलाई के लिए कार्य किया है हमारा से इंडिया को भारत बोलने की अपील की %इसी दौरान एक एक करके सभी ने अपने अपने विचार रखे इस दौरान जैन समाज के अलावा, बरिष्ठ नेता संजीव शर्मा बंटी नेता, रिंकू देशमुख, दीपक शर्मा सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# पुलिस भारी महिला गैंग,,अवैध वसूली करने के लिए बनी पत्रकार

बांदा। जनपद में एक महिला कथित पत्रकार सक्रिय है। जो इस वक्त चर्चा का विषय बनी हुई है। जिसका सिर्फ काम है लोगों को जाल में फंसा कर ब्लैकमेल करना। आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहती है। ऐसा नहीं की पुलिस को इस महिला गैंग के बारे में जानकारी ना हो , लेकिन हाथ डालने से कतरा जाती है। जानकार सूत्र बताते हैं कि इस महिला ने एक पुलिस कर्मी सहित कई लोगों को अपना शिकार बना चुकी है और यह सिलसिला जारी है। कोटेदार हो या बालू व्यवसाय। ,दवाव बनाकर अवैघ वसूली का प्रयास करती है। आये दिन लोगों को झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देती रहती है जो पैसा नहीं दे पाता है तो झूठी तहरीर देकर झूठा मुकदमा लिखाने से बाज नहीं आती। सूत्र बताते हैं कि सुबह होते ही कुछ अपराधी किस्म के साथियों को लेकर शिकार की तलाश में निकल पड़ती है जहां वसूली नहीं कर पाई वहां बदसलूकी करती है। आजकल चर्चा का विषय बनी हुई है। सूत्र बताते हैं कि इसका मेंन कारोबार गांजा सप्लाई करना ,शराब सप्लाई करना, नशीले पदार्थ प्रमुख व्यापार है आगे देखना है कि पुलिस प्रशासन संज्ञान लेकर कार्रवाई करता है या महिला गैंग को इस तरीके से छूट देकर रखता है

# संत रविदास ने अपना पूरा जीवन किया भगवान की भक्ति में समर्पित-शिवानी जैन एडवोकेट

ऑल ह्यूमन सेव एंड फॉरेंसिक फाउंडेशन डिस्टिक वूमेन चीफ शिवानी जैन एडवोकेट ने कहा कि संत रविदास बेहद धार्मिक स्वभाव के थे। वे भक्तिकालीन संत और महान समाज सुधारक थे। उन्होंने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ-साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का भी बखूबी निर्वहन किया।थिंक मानवाधिकार संगठन की एडवाइजरी बोर्ड मेंबर डॉ कंचन जैन ने कहा कि संत रविदास जी अपना अधिकांश समय भगवान की पूजा में लगाते थे और धार्मिक परंपराओं का



पालन करते हुए, उन्होंने एक संत का दर्जा प्राप्त किया। मन चंगा तो कठौती में गंगा रविदास जी का ये दोहा आज भी प्रसिद्ध है। रविदास जी का कहना था कि शुद्ध मन और निष्ठा के साथ किए काम का हमेशा अच्छा परिणाम मिलता है। मां सरस्वती शिक्षा समिति के प्रबंधक डॉ एच सी विपिन कुमार जैन, डॉ राजेंद्र कुमार जैन, संरक्षक डॉ आरके शर्मा, आलोक मित्तल एडवोकेट, ज्ञानेंद्र चौधरी एडवोकेट, निदेशक डॉक्टर नरेंद्र चौधरी, शार्क फाउंडेशन की तहसील प्रभारी डॉक्टर एच सी अंजू लता जैन, एडवोकेट बीना जी, आदि ने कहा कि संत रविदास भगवान के एक ऐसे भक्त थे जिन्होंने जात-पात और ऊंच-नीच के भेदभाव को दूर कर समाज को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया था।कहते हैं कि संत रविदास के पास कुछ आलौकिक शक्तियां थीं और उनके चमत्कारों की वजह से ही कुष्ठ रोगी ठीक हो जाया करते थे। संत रविदास जी लोगों को दोहे सुनाया करते थे और उनके दोहों में ऐसी शिक्षाएं छिपी होती थीं जो समाज में जात-पात के भेद को दूर करती थीं।

**शिवानी जैन एडवोकेट**
**डिस्ट्रिक्ट वूमेन चीफ**

# पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार के आदेश पर दुमका जिले के छः थाना में नए थाना प्रभारियों की पदस्थापना

### जरमुंडी,जामा,रामगढ़,तालझारी, विश्व विद्यालय ओपी एवं महिला थाना दुमका को मिले नए थाना प्रभारी

दुमका जिले के छः थानों में नए थाना प्रभारियों की पदस्थापना कर दी गई है।चुनाव आयोग के निर्देश के बाद तीन वर्षो से अधिक समय से दुमका जिले में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों का तबादला अन्यत्र कर दिए जाने के बाद दुमका जिले के सभी थाना प्रभारी विहीन हो गए थे। पुलिस अधीक्षक पितांबर सिंह खेरवार के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक हरि प्रसाद साह को जरमुंडी थाना का पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बनाया गया है।पुअनि शशिकांत साहू



को रामगढ़ थाना प्रभारी बनाया गया है,पुअनि अजीत कुमार को जामा थाना प्रभारी,पुअनि अजीत कुमार यादव को तालझारी थाना प्रभारी, पुअनि अनुज कुमार को विश्वविद्यालय ओपी का थाना प्रभारी बनाया गया है,जबकि पुअनि अनुपमा सोरेंग को महिला थाना दुमका की कमान सौंपी गई है।पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने सभी नव पदस्थापित थाना प्रभारियों को अविलंब अपने अपने थाना में योगदान करने का निर्देश दिया है।

# बांका जिला के चंद्र प्रखंड भैरोगंज ओपी थाना क्षेत्र के लहरणीयांऔर दिघीबारी के बीच कुसुमघाट गांव में गाय काटने वाले गिरोह को ग्रामीणों ने धर दबोचा।

ग्रामीन भारी संख्या में थे। इनकी सूचना सुबह जब वन विभाग और प्रशासन को मिली तो प्रशासन अपने दल बल के साथ, घटनास्थल पर पहुंचकर इनका जायजा लिया। साथी वन विभाग के पूरे टीम के साथ पहुंचे। वन विभाग के फॉरेस्टर वनपाल, पांडव कुमार, प्रभारी अभिषेक कुमार, कटोरिया रेंजर सियाराम शरण सिंह, मौके पर कैटल गार्ड अध्यक्ष राजेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में, इस ग्रह को पकड़ा गया। यह घटना को पकड़ा गया, विनोद यादव दशरथ यादव इसका ड्यूटी इसी जंगल में है **विनोद कुमार सूरज कुमार वन विभाग से मौके पर**–कैटल गार्ड के अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने सारी घटनाएं विस्तार पूर्वक बताया।फॉरेस्टर ने बताया कि जल्द ही ऐसे अपराधियों पर करवाई की जाएगी। घटना को संज्ञान में लेते हुए भेरूगंज आप के थाना अध्यक्ष मीडिया कर्मियों से बात करने से

कतराते हुए नजर आए

# शिविर के समापन पर डॉक्टर धारकर ने कैंसर के उपचार का दिया प्रशिक्षण,कैंसर शिविर में 1195 संभावित रोगियों की हुई जांच - 108 में मिले लक्षण




रीवा 25 फरवरी 2024. रीवा में कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय संभागीय कैंसर शिविर का विधिवत समापन कर दिया गया। शिविर में दूसरे दिन सतना तथा सिंगरौली के रोगियों की जांच की गयी। शिविर में दो दिनों में कुल 1195 रोगियों की जांच की गयी। इनमें से 108 व्यक्तियों में कैंसर के प्रारंभिक लक्षण पाये गये। शिविर का समापन करते हुए रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने इंदौर कैंसर फाउंडेशन के संचालक डॉ. धारकर और उनके टीम के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।शिविर के अंतिम सत्र में इंदौर कैंसर फाउंडेशन के संचालक डॉ. दिग्पाल धारकर ने कैंसर के उपचार से जु? डॉक्टरों को कैंसर की पहचान तथा उपचार का प्रशिक्षण दिया। डॉक्टर धारकर ने कहा कि लोगों को जागरूक करके कैंसर के आधे से अधिक मामलों में पर नियंत्रण पाया जा सकता है। कैंसर होने से पहले इसकी पूर्वावस्था होती है इनके लक्षणों के बारे में हम जागरूक रहें तो कैंसर की तत्काल पहचान हो जाती है। इंदौर कैंसर फाउंडेशन लगातार शोध करके तथा दुनिया भर के कैंसर के विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लेकर कैंसर के उपचार को प्रभावी बनाने का प्रयास कर रहा है। कैंसर के उपचार के लिए दवाओं तथा आपरेशन की लागत घटाने के लिए कई प्रयास किये गये हैं। इसमें अच्छी सफलता भी मिल रही है। कैंसर के उपचार के लिए रेडियो थेरपी का उपयोग किया जाता है। इसके रेडियेशन से लाभ होने के साथ-साथ कई साइड इफेक्ट होते हैं। इस लिए हमने एक नई तकनीक फोटो, वायोमडय़्लेशन थेरपी शुरू की है इस विधि से शरीर पर लगभग न के बारबर साइड इफेक्ट होते हैं। यह अधिक कारगर भी है कैंसर के उपचार के लिए आयुर्वेदिक पद्धति का भी सहारा लिया जा रहा है।डॉ. धारकर ने कहा कि रीवा में शिविर का आयोजन बहुत सफल रहा। प्राथमिक स्वास्थ्य स्तर से लेकर संभाग स्तर तक पूरा कार्य व्यवस्थित तरीके से किया गया। प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग तथा स्वयंसेवी संस्थाओं ने मिलकर सेवाभाव से रोगियों की सेवा की। हमारा रीवा से संपर्क सदैव बना रहेगा। मेडिकल कालेज के डीन यदि चाहें तो रीवा के डॉक्टरों को इंदौर फाउंडेशन प्रशिक्षण देने के लिए सहर्ष तैयार है। डॉ. धारकर ने कैंसर के उपचार से जु? प्रश्नों के उत्तर दिये तथा शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि वायाप्सी कराने के बाद टय़ूमर ब?ता है तथा कैंसर अधिक तेजी से फैलता है यह धारणा सही नहीं है। इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है लोग केवल भैय वस इस तरह की धारणा बनाते हैं। हमारे मन में अगर भैय ने घर बना लिया तो हम कैंसर ल?ाई नहीं जीत पायेंगे। पूरे दृ? विश्वास के साथ कैंसर का सामना करके ही हम इससे जीत पायेंगे। समापन कार्यक्रम में डॉ. धारकर की टीम के सदस्यों डॉ. वीरेन्द्र व्यास, डॉ. कृतिका कुलकर्णी, डॉ. सुरेश सहगल ने भी डॉक्टरों को कैंसर के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## परदेसी वली की दरगाह पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 250 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** मशहूर सूफी संत परेदसी वली की दरगाह डबरा पिछोर में उर्स के मौके पर ग्लोबल स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा नि: शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन 26 व 27 फरवरी को किया



जा रहा है। चिकित्सा शिविर आज सोमवार 26 फरवरी को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक लगाया गया। इस चिकित्सा शिविर में लगभग 250 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उन्हें नि: शुल्क दवा वितरण भी की गई। इस चिकित्सा शिविर में मुख्य रूप से डॉ. मुकेश रावत नाक नाक गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. जावेद खान, मेडिसिन, डॉ. मुनीश नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा शिविर में आए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण में सहयोग किया। शिविर में मरीजों को दवाई वितरण सुनील बसंत, पावस रायजादा द्वारा दी गईं। परेदसी वली की दरगाह पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में दरगाह शरीफ कमेटी पिछोर द्वारा विशेष सहयोग रहा एवं शिविर में आने वाले लोगों के लिए दरगाह कमेटी द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गईं थीं।

## विश्वकर्मा जन संगठन मध्य प्रदेश द्वारा प्रतिभाओं का किया गया सम्मान






**उप संपादक महेंद्र शर्मा**
**पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। विश्वकर्मा जन संगठन मध्य प्रदेश द्वारा भव्य चल समारोह एवं प्रतिमाओं का सम्मान कार्यक्रम किया जा रहा है चल समारोह रविवार 25 फरवरी 2024 की सुबह 10ः00 बजे फूलबाग चौराहे से कार्यक्रम स्थल मांढरे की माता के नीचे डॉक्टर भगवत सहाय सभागार पहुंचा साथ ही प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया केंद्रीय मंत्री भारत सरकार कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचंद्र जांगड़ा राज्यसभा सांसद हरियाणाविशिष्ट अतिथि नारायण सिंह कुशवाहप्रद्युम्न सिंह तोमर कैबिनेट मंत्री मध्य प्रर्देश शासन मोहन सिंह राठौर विधायक भितरवार विधानसभा अभय चौधरी जिला अध्यक्ष ग्वालियर महानगर भाजपा विनोद शर्मा जिलामहामंत्री भाजपा ग्वालियर महानगर मनोज तोमर सभापति नगर निगम ग्वालियर इंद्रजीत सिंह पर प्रपोत्र पूर्व राष्ट्रपति स्व.श्री ज्ञानी जैल सिंह जी डॉ. तरुण मुरारी बापू जी राष्ट्रीयक्रांतिकारी संत दिनेश गौड़ वरिष्ठ पत्रकार सदस्य हिंदी सलाहकार समिति बरत्र मंत्रालय भारत सरकार राजेश विश्वकर्मा सदस्य विश्वकर्मों कल्याण बोर्ड मध्य प्रदेश शासन मोजूद रहे। कुछ **देर रुकने के बाद रवाना हुए सिंधिया**-ज्योतिरादित्य सिंधिया कंवल कार्यक्रम स्थल भागका सहाय सभागार तक पहुंचे जहां उनका प्रदेशाध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बेताल विश्वकर्मा ने पुष्पहार देकर स्वागत किया इसके बाद सिंधिया ने कहा कि गृहमंत्री का कार्यक्रम प्रस्तावित है इस बजह से आप को टाइम नहीं दे पा रहा मेरी हार्दिक तमन्ना थी की आप सभी के बीच मौजूद रहता फिर भी मेरी आप सभी को शुभकामनाएं

## डब्लू टी ओ की शर्तें भारत के किसानों के लिए आत्मघाती

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर-संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय व्यापी आव्हान के तहत आज ग्वालियर में भी किसानों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर ट्रैक्टर मार्च निकाला ग्वालियर के संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से आज दोपहर 12ः00 बजे से पुरानी छावनी अटल गेट से एक परेड शुरू हुई और यह परेड बामोर हाईवे तक पर जाकर समाप्त हुई। इस दौरान हुई सभा को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि आज 26 फरवरी के दिन संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी दोहा में विश्व व्यापार संगठन की बैठक होने वाली है शुरू हो रही है इस विश्व व्यापार संगठन की बैठक शुरू हो रही है, इस बैठक के मध्यम से दुनिया के बड़े देश गरीब और विकासशील देशों की खेती और किसानों पर कब्जा करना के उद्देश्य से नीतियां बनवाना चाहते हैं भारत की सरकार बड़े कॉर्पोरेट के सामने किसानों के हितों का की कुर्बानी देने को तत्पर है इससे पूर्व भी तीन कृषि कानून बनाकर सरकार ने कॉर्पोरेट को भारत की खेती में उतारने के साजिश रची थी लेकिन उस समय किसानों ने 13 महीने तक लगातार आंदोलन करके उस काले कानून को वापस कराया था किंतु आज दोहा में हो रही बैठक में कॉरपोरेट्स कंपनियां शक्तिशाली देशों के माध्यम से गरीब और विकासशील देशों की खेती किसानी पर कब्जा करने की साजिश कर रहे हैं इसके विरोध में



संयुक्त किसान मोर्चा ने आज पूरे देश भर में यह आह्वान किया था कि भारत सरकार डब्लू टी ओ से देश की खेती किसानी को बाहर निकाले। किसान नेताओं का यह भी कहना था कि देश में करीब 60त्न से ज्यादा लोग खेती किसानी पर निर्भर है जबकि अमेरिका में मात्र डेढ़ परसेंट लोग खेती करते हैं इसलिए अमेरिका जैसी नीति भारत में लागू नहीं हो सकती अगर भारत में खेती किसानी पर कॉर्पोरेट का कब्जा हो गया तो बड़ी संख्या में खेती के जरिये रोजगार में लगे हुए हैं लोग बेकार हो जाएंगे और देश में भुखमरी और कंगाली बढ़ेगी यहां तक कि देश की आत्मनिर्भरता भी खतरे में पड़ेगी। इस प्रकार विश्व व्यापार संगठन की बैठक में ऐसी कोई भी नीति देश की आर्थिक आजादी को खतरे में डालने का काम करेगी।

आज देशभर में किसानों ने विरोध करके भारत सरकार को चेतावनी दी है कि किसी भी कीमत पर खेती किसानी को कॉरपोरेट कंपनियां को सोपना बर्दाश्त नही किया जायेगा।

ग्वालियर में आज शुरू हुए ट्रैक्टर मार्च में बड़ी संख्या में किसानों ने हिस्सेदारी की, बामोर तिराहे पर हाईवे पर हुई सभा को किसान नेता अखिलेश यादव, पी पी शर्मा, अशोक पाठक, रणवीर यादव,तलविंदर सिंह, विश्वजीत रतोनिया,राय सिंह गुरदीप, और सीटू के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास गोस्वामी ने संबोधित किया। आभार व्यक्त किसान नेता अवतार सिंह ने किया। सभी किसानों ने आगामी 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली किसान महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का संकल्प लिया।

## बेटी की शादी में डेढ़ करोड़ खर्च किए, दहेजलोभी ससुराल वालों ने 50 लाख के लिए घर से निकाल दिया



ग्वालियर। ग्वालियर की रहने वाली महिला को उसके ससुराल वालों ने 50 लाख रुपये न मिलने पर घर से निकाल दिया। जबकि उसके मायके वालों ने शादी में करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च किए थे। इसके बाद 50 लाख रुपये की डिमांड ससुराल वाले और कर रहे थे, जब उसके मायके वाले रुपये न दे पाए तो मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस मामले में पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर ली है।ग्वालियर के सिटी सेंटर इलाके में रहने वाली अंजली शर्मा की शादी 2019 में बिलासपुर में रहने वाले यश शर्मा से हुई थी। यश सरकारी विभागों में ठेकेदारी करता है। शादी में पहले 44 लाख रुपये फिर कार के लिए 21 लाख रुपये अंजलि के परिवार वालों ने यश को आरटीजीएस किए। इसके बाद शादी में और दहेज दिया। शादी में अंजली के परिवार वालों ने करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च किए।शादी के कुछ समय बाद तक तो सबकुछ ठीक रहा। इसके बाद अंजली को इन लोगों ने परेशान करना शुरू कर दिया। 50 लाख रुपये की डिमांड और करने लगे। अंजली ने इतने रुपये मायके से लाने में असमर्थता जताई तो मारपीट शुरू कर दी। उसने परिवार वालों से शिकायत की। जब मायके वालों ने बात की तो 50 लाख रुपये मांगे। जब यह डिमांड पूरी नहीं हुई तो उसकी मारपीट कर घर से निकाल दिया। अब इस मामले में अंजली ने शिकायत की है। शिकायत पर से पुलिस ने यश शर्मा और उसके परिवार वालों पर एफआइआर दर्ज की है।

## केन्द्रीय गृह मंत्री का खजुराहो विमानतल पर हुआ आत्मीय स्वागत

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह रविवार को भारतीय वायु सेना के विमान से खजुराहो पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा भी उनके साथ थे। खजुराहो विमानतल आगमन पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री एवं मिनिस्टर इन वेटिंग श्रीमती संपतिया उइके ने केन्द्रीय मंत्री श्री अमित शाह की अगवानी की। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री श्री दिलीप अहिरवार, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री नरोत्तम मिश्रा एवं श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व राज्य मंत्री ,विधायक श्रीमती ललिता यादव, विधायक बिजावर श्री राजेश शुक्ला, विधायक महाराजपुर श्री कामाख्या प्रताप सिंह, विधायक पवई श्री प्रहलाद लोधी, विधायक गुनौर श्री राजेश वर्मा, नगर पालिका परिषद छतरपुर की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चौरसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा केन्द्रीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया गय



# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन व रेल सुविधाओं की सौगात दी - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आधुनिक और तेज रेलवे के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 41 हजार करोड़ की लागत से देश के 554 रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प और 1500 रोड ओवर ब्रिज/अंडरपास के शिलान्यास, उद्घाटन समर्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सीहोर से शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 33 से अधिक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में 77 हजार करोड़ रुपए के निर्माण कार्य जारी हैं, प्रदेश में रेलवे सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है, और हमें नई तकनीक और नई व्यवस्थाओं के साथ विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन एवं रेल सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सीहोर जिले की जन आभार यात्रा में शामिल हुए। केन्द्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित किया।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में मध्यप्रदेश विकास की पटरी पर तेज गति से आगे ब? रहा है। मध्यप्रदेश देश के मध्य में स्थित है, रेलवे अधोसंरचना के विकास की यहां बहुत संभावनाएं हैं। यहां देश की दो प्रमुख रेलवे लाइनें तो संचालित हैं हीं, इसके साथ ही सीहोर होकर रामगंज मंडी तथा बुधनी की रेल लाइन बिछाने के कार्य को भी गति दी जा रही है। रेलवे अधोसंरचना के विकास को तेजी से पूरा किया जाएगा, इससे प्रदेश के विकास को और भी गति मिलेगी। हम समर्थ और सक्षम राज्य के लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर हैं।

होंगेमुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग, रोजगार में ब?ोत्तरी के साथ ही महिलाओं, युवाओं और कमजोर वर्ग की प्रगति के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। किसी भी योजना के लिए धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी। सीहोर नगर पालिका द्वारा उनके सम्मुख रखे गए प्रस्तावों को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि भोपाल और सीहोर का विकास समन्वित रूप से ट्विन सिटी के आधार पर होगा। दोनों नगरों को जो?कर आवागमन के साधन, आवासीय परियोजनाएं और रोजगार के अवसरों के समग्र विकास की योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। उज्जैन-इंदौर, उज्जैन-देवास, भोपाल-विदिशा, भोपाल-सीहोर-रायसेन आदि भी अमृत काल में 2047 तक समन्वित रूप से विकसित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास और प्रगति से दुनिया में देश का नाम स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि धारा 370 की समाप्ति और मुस्लिम बहनों




को तीन तलाक से मुक्ति बड़ी उपलब्धियां है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगामी वर्षों में देश चहुंमुखी विकास करेगा, अंतरिक्ष में और अधिक उपलब्धियों के साथ ही गरीबों और महिलाओं के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के रेलवे स्टेशनों की पुनर्विकास परियोजनाओं की शिलापट्टिकाओं का अनावरण किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश के 33 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए शिलान्यास के साथ ही 133 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) एवं अंडरपास का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। प्रदेश के जिन 33 रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास के लिए शिलान्यास किया गया, उनमें सीहोर, जबलपुर, बीना, अशोकनगर, खिरकिया, साँची, शाजापुर, ब्यौहारी, बरगवाँ, नरसिंहपुर, पिपरिया, इन्दौर, उज्जैन, मंदसौर, मक्सी, नागदा, नीमच, शुजालपुर, खाचरोद, बालाघाट, छिंदवा?ा, खण्डवा, मंडला फोर्ट, नैनपुर, सिवनी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, बिजुरी, मुरैना, हरपालपुर, दतिया और भिंड स्टेशन शामिल हैं। आरओबी में जबलपुर रेल मंडल के दो और भोपाल रेल मंडल के चार आरओबी शामिल हैं। अंडरपास के अंतर्गत जबलपुर में एक एवं भोपाल मंडल में दो स्थानों पर कार्य होंगे। उल्लेखनीय है कि मानवयुक्त समपार फाटकों को खत्म करने के लिए आरओबी/अंडरपास बनाया जाता है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478